राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15
अंक : 31
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 31 दिसंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा डंपिंग ग्राउंड तक खंगाले जा रहे सीसीटीवी
पेज 4 युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, आम के पेड़ से लटका मिला
पेज 6 शेफाली वर्मा की आईसीसी टी20आई रैंकिंग में बड़ी छलांग, टॉप-6

## संक्षिप्त खबरें

### गुजरात के सानंद के पास दो समुदायों के बीच झड़प, 30 हिरासत में

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद जिले के सानंद कस्बे के पास एक मामूली बात पर कहासुनी के बाद दो समुदायों के लोगों के बीच झड़प हो गई। इस दौरान दोनों तरफ से पत्थरबाजी हुई। इस मामले में पुलिस ने लगभग 30 लोगों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह झड़प सोमवार रात और फिर मंगलवार सुबह कलाना गांव में हुई। जिला पुलिस अधीक्षक ओम प्रकाश जाट ने कहा कि कुछ युवकों के बीच कहासुनी के बाद दो समुदायों के लोग आमने-सामने आ गए। बाद में उन्होंने एक-दूसरे पर पत्थर फेंके। उन्होंने बताया कि घटना के बाद गांव में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या मामले पर मानवाधिकार आयोग सख्त

**नई दिल्ली।** कथित तौर पर नस्लीय भेदभाव के चलते देहरादून में त्रिपुरा के छात्र की हत्या के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। आयोग ने छात्र की हत्या से संबंधित शिकायत पर देहरादून के जिलाधिकारी और एसएसपी को नोटिस जारी करते हुए आरोपों की जांच कर सात दिनों में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। रिपोर्ट मांगने के साथ ही आयोग ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर राज्य में पूर्वोत्तर के छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। आयोग को त्रिपुरा के छात्र की हत्या के संबंध में शिकायत मिली है।



### हैप्पी मॉर्निंग

पत्नी- सुन रहे हो जी,
आपके लिए मेरी क्या
कीमत है?
पति- जानू तू तो करोड़ों की है...
पत्नी- तो उसी करोड़ों में से
50000 रुपये देना,
सहेलियों के साथ दुबई घूमने
जाना है फिर क्या था
पति बेहोश!



### शायरी

अब ज़मीनों को बिछाए कि
फ़लक को ओढ़े
मुफलिसी तो भरी बरसात में
बे-घर हुई है

### अर्थसार



सेंसेक्स:
84,675.08
-20.46 (0.024%)
निफ्टी:
25,938.85
-3.25

### मौसम



अधिकतम : 19 डिग्री से0
न्यूनतम : 08 डिग्री से0
सूयोदय गुरुवार : 7 : 26
सूर्यास्त बुधवार : 5 : 42

# 2026 में भारत-पाक युद्ध संभव, अमेरिकी थिंक टैंक का दावा

**कश्मीर में आतंकी गतिविधि वजह बनेगी; दोनों देशों ने हथियारों की खरीद बढ़ाई**

वॉशिंगटन डीसी। अमेरिका के बड़े थिंक टैंक काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस ने चेतावनी दी है कि 2026 में भारत और पाकिस्तान के बीच फिर युद्ध हो सकता है। थ्टन्न्रक की रिपोर्ट 'कॉन्फ्लिक्ट्स टू वॉच इन 2026' के अनुसार, कश्मीर में आतंकी गतिविधियां बढ़ने से दोनों देशों के बीच टकराव की संभावना है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष होता है, तो उसका असर अमेरिका के हितों पर भी पड़ सकता है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में अभी कोई बड़ा आतंकी हमला नहीं हुआ है, लेकिन खुफिया एजेंसियों के अनुसार इस सर्दी में जम्मू क्षेत्र में 30 से ज्यादा पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हैं।

इधर भारत-पाकिस्तान के बीच 10 मई को हुए संघर्ष विराम के बाद दोनों देशों ने हथियारों की खरीद तेज कर दी है। भारत में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने हाल ही में 79 हजार करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को मंजूरी दी है, जिसमें



ड्रोन, एयर-टू-एयर मिसाइल और गाइडेड बम शामिल हैं।

उधर पाकिस्तान ने भी तुर्किये और चीन से नए ड्रोन और एयर डिफेंस सिस्टम खरीदने के लिए बातचीत शुरू की है, ताकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सामने आई कमजोरियों को दूर किया जा सके।

### अफगानिस्तान-पाकिस्तान संघर्ष की भी आशंका

रिपोर्ट में एक और बड़े खतरे की ओर इशारा किया गया है। सीएफआर के मुताबिक, 2026 में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भी सशस्त्र संघर्ष की संभावना है। हालांकि इसका असर अमेरिकी हितों पर कम होगा।

अक्टूबर में 2600 किलोमीटर लंबी डूरंड लाइन पर पाकिस्तान और तालिबान शासित अफगानिस्तान के बीच भीषण झड़पें हुई थीं। दोनों देशों की सेनाओं ने कई इलाकों में एक-दूसरे पर गोलीबारी की थी और सीमा चौकियां तबाह होने के दावे किए थे। इसके बाद दोनों देशों के रिश्ते और व्यापार बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

**बैठक**



रांची में एक बैठक के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ।

# खाई में बस गिरने से 7 की मौत, 12 गंभीर घायल

**हेलिकॉप्टर से पहुंचाया एम्स**

**नैनीताल।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में कल सुबह यात्रियों से भरी बस 160 फीट गहरी खाई में गिर गई, जिससे 7 लोगों की मौत हो गई है।

जबकि 12 से ज्यादा लोगों की हालत गंभीर है। हादसा भिकियासैंण-रामनगर मार्ग पर शीलापानी (विनायक क्षेत्र) के पास सुबह करीब 8 बजे हुआ, जिसकी दूरी भिकियासैंण से लगभग 8 किलोमीटर आगे है।

बस द्वाराहाट-भिकियासैंण-बासोट होते हुए रामनगर जा रही थी। तभी ड्राइवर ने अचानक बस से कंट्रोल खो दिया।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मौके पर पुलिस के साथ एसडीआरएफ की टीम पहुंची, जिसके बाद ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू चलाया गया।

दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। फिलहाल घायलों को भिकियासैंण के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है, जबकि दो लोगों को रामनगर के राम दत्त जोशी राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में पहुंचाया गया है और हालात बिगड़ने पर दो घायलों को हेलिकॉप्टर से एम्स ऋषिकेश भेजा गया।

हादसे में 7 मृतकों में से 5 अल्मोड़ा जिले के हैं, जबकि 2 मृतकों के पते की पुष्टि की जा रही है।

वहीं हादसे में घायल हुए सभी 12 यात्री भी अल्मोड़ा जिले के निवासी हैं। मृतकों में दो लोग नेपाल के भी है।



मृतको में गोविन्द बल्लभ (80), पार्वती देवी (75), सूबेदार नन्दन सिंह (65), गोविन्दी देवी (58), तारा देवी (50), गणेश (25), और उमेश (25) शामिल है। इसके अलावा घायलों में नन्दा बल्लभ (50), राकेश कुमार (55), नन्दी देवी (40), हंसी सती (36), मोहित सती (16), बुद्धिबल्लभ भगत (58), हरीश चन्द्र (62), भूपेन्द्र सिंह अधिकारी (64), जितेन्द्र रेखाड़ी (37), नवीन चन्द्र (55), हिमांशु पालीवाल (17), और प्रकाश चन्द्र (43) के तौर पर हुई है।

### 180 की स्पीड से दौड़ी ट्रेन,ग्लास का पानी नहीं छलका

**कोटा।** कोटा में वंदे भारत स्लीपर ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ी। लोको पायलट ने 4 ग्लास में पानी रखा, इतनी रफ्तार के दौरान भी ग्लास में से पानी नहीं छलका। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल में स्वदेशी तकनीक से बनी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन (वर्जन-2) का फाइनल हाई स्पीड ट्रायल मंगलवार को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। ट्रायल के दौरान 16 कोच की यह नई पीढ़ी की ट्रेन 180 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से कोटा-नागदा रेलवे ट्रैक पर दौड़ी। ट्रायल के दौरान स्पीड, सेफ्टी और राइड क्वालिटी की विस्तृत जांच की गई। अब ये रेक यात्रियों के सफर के लिए उपलब्ध हो सकेगी।

# बांग्लादेश में 12 दिन में तीसरे हिंदू की हत्या

**कपड़ा फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी कर रहा था, साथी स्टाफ ने गोली मारी**

**ढाका।** बांग्लादेश के मैमनसिंह जिले में एक कपड़ा फैक्ट्री के अंदर हिंदू कर्मचारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बीते 12 दिनों में बांग्लादेश में हिंदू की हत्या की यह तीसरी घटना है।

घटना सोमवार शाम करीब 6: 45 बजे भालुका उपजिला की सुलताना स्वेटर्स लिमिटेड फैक्ट्री में हुई। मृतक की पहचान बजेंद्र बिस्वास (42) के रूप में हुई है, जो फैक्ट्री में सिक्योरिटी गार्ड था। आरोपी नोमान मिया (29) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों फैक्ट्री में सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। बातचीत के दौरान नोमान





मिया ने बजेंद्र पर सरकारी शॉटगन तान दी। कुछ ही देर में बंदूक चल गई और गोली बजेंद्र की बायीं जांघ में लगी, जिससे उसकी मौत हो गई।

बांग्लादेश में 2 हफ्तों में 3 हिंदू मारे गए 24 दिसंबर बुधवार रात 11: 00 बजे एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। घटना राजबाड़ी जिले के होसेनडांगा गांव में हुई। पुलिस के मुताबिक मृतक की पहचान 29 वर्षीय अमृत मंडल उर्फ सम्राट के तौर पर हुई।

पुलिस ने बताया कि अमृत को भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में मार डाला। वह होसेनडांगा गांव का ही निवासी था। पुलिस ने बताया कि अमृत के खिलाफ पांगशा पुलिस स्टेशन में दो मामले दर्ज हैं। इनमें एक हत्या का मामला भी शामिल है।

इससे पहले 18 दिसंबर को ढाका के पास हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की भीड़ ने हत्या कर दी थी। बाद में उसे पेड़ पर लटकाकर जला दिया था।

# इंडिगो एयरलाइन पर 458 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी जुर्माना

**एयरलाइन बोली- आदेश को चुनौती देंगे; वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा मामला**

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो पर दिल्ली साउथ कमिश्नरेट के सीजीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त ने 458 करोड़ से ज्यादा का जुर्माना लगाया है। कंपनी ने मंगलवार को बताया कि यह जुर्माना केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम, 2017 की धारा 74 के तहत वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की असेसमेंट से जुड़ा है। एयरलाइन के मुताबिक, कुल जीएसटी मांग 458,26,16,980 है। कंपनी ने बताया कि त्रस्ज्ञ विभाग ने विदेशी सप्लायर से मिली क्षतिपूर्ति पर टैक्स मांग, ब्याज और जुर्माना लगाया है, साथ ही इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी खारिज किया गया है। कंपनी ने बाहरी टैक्स सलाहकारों की राय के आधार पर इस जुर्माने को गलत बताया। इंडिगो का कहना है कि यह आदेश कानून के खिलाफ है और वह इसे कोर्ट में चुनौती देगी। कंपनी के मुताबिक, इस आदेश का उसके वित्तीय नतीजों, संचालन या अन्य गतिविधियों पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ेगा।





# चमोली में बड़ा हादसा : सुरंग में टकरा गईं दो लोको ट्रेनें, 60 मजदूर घायल

**चमोली।** उत्तराखंड के चमोली जिले में मंगलवार रात को एक बड़ा रेल हादसा हो गया। अलकनंदा नदी पर बन रही विष्णुगाड पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की सुरंग के भीतर दो लोको ट्रेनें आपस में टकरा गईं। इनमें से एक श्रमिकों और अधिकारियों को ले जा रही थी जबकि दूसरी ट्रेन निर्माण सामग्री लेकर आ रही थी। टक्कर के वक्त ट्रेन में कुल 109 लोग सवार थे जिनमें से 60 लोग घायल हुए हैं। घायलों को सुरंग से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। गंभीर रूप से घायल 10 लोगों को इलाज के लिए गोपेश्वर जिला अस्पताल भेजा गया है।

चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने आगे बताया कि टीएचडीसी



(इंडिया) की ओर से बनाई जा रही इस जलविद्युत परियोजना की पीपलकोटी सुरंग के भीतर हादसा मंगलवार देर रात तब हुआ जब सुरंग में श्रमिकों और अधिकारियों को लेकर जा रही एक लोको ट्रेन की टक्कर सामान ढोने वाली दूसरी लोको ट्रेन से हो गई।

दोनों लोको ट्रेनों के आपस में टकराने से करीब 60 लोग घायल हो गए। मौके पर चीख पुकार मच गई और अफरातफरी का माहौल देखा गया। चमोली के जिलाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि हादसे के वक्त ट्रेन में कुल 109 लोग थे। सभी को बाहर निकाल लिया गया है। घायलों की हालत स्थिर बताई जाती है।

### 10 गोपेश्वर ले जाए गए

वहीं चमोली के उप जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल 10 लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल गोपेश्वर ले जाया गया है। बताया जाता है कि सुरंग के भीतर निर्माण के काम के लिए श्रमिकों और अधिकारियों को ले जाने और ले आने के लिए साथ ही निर्माण सामग्री को ढोने के लिए ट्रेन नुमा वाहनों का इस्तेमाल किया जाता है। इन्हें लोको रेल के नाम से जानते हैं।

चमोली जिले में यह जल विद्युत परियोजना अलकनंदा नदी पर हेलंग और पीपलकोटी के बीच बनाई जा रही है। परियोजना में चार टरबाइन होंगे जिनके जरिए 111 मेगावाट बिजली पैदा की जाएगी।

# असम में बांग्लादेश से जुड़ा आतंकी मॉड्यूल पकड़ा, 11 गिरफ्तार

**आईएमके पूर्वोत्तर भारत को अस्थिर करने की साजिश रच रहा था, खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट किया था**

**गुवाहाटी।** असम और त्रिपुरा में बांग्लादेश के कट्टरपंथी संगठन से जुड़े 11 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये संगठन पूर्वोत्तर भारत को अस्थिर करने की साजिश रच रहे थे।

भारतीय सुरक्षा और खुफिया तंत्र पूर्वोत्तर, विशेषकर असम में आतंकी गतिविधियों को लेकर हाई अलर्ट



पर है। मंगलवार को गुवाहाटी में पुलिस कमिश्नर पार्थसारथी महंता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि केंद्रीय एजेंसियों से मिले खुफिया इनपुट के आधार पर स्पेशल टास्क फोर्स ने इन्हें गिरफ्तार किया है। कल रात असम के बारपेटा, चिरांग, बक्सा और दरांग जिलों के अलावा त्रिपुरा में भी एक साथ ऑपरेशन चलाया गया।

कुल 11 जिहादियों को गिरफ्तार किया गया। ये बांग्लादेश स्थित संगठनों के सीधे निर्देश पर काम कर रहे थे।

महंता के अनुसार, गिरफ्तार किए गए सभी लोग इमाम महमूदर काफिला मॉड्यूल के मेंबर हैं। इनमें से 10 लोगों को असम से और एक को त्रिपुरा से गिरफ्तार किया गया है।

# कश्मीर घाटी में गुलमर्ग समेत कई जगह बर्फबारी

**राजस्थान में 2 दिन बारिश की चेतावनी; यूपी के 37 शहर कोहरे की चपेट में**

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में चिल्लई कलां के बीच कश्मीर घाटी के कई इलाकों में मंगलवार को बर्फबारी हुई। गुलमर्ग में बर्फबारी के बाद बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंचे हैं।

श्रीनगर में न्यूनतम तापमान 1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार को भी बर्फबारी का अलर्ट है।

राजस्थान में कड़ाके की सर्दी के बीच 2 दिन बारिश की भी चेतावनी है। उत्तर भारत में सक्रिय होते एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण 31 दिसंबर को 11 जिलों में बारिश की संभावना है। इसके साथ 1 जनवरी को घने कोहरे और हल्की बारिश का अलर्ट है।

यूपी में भी कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। अभी इससे राहत मिलने वाली नहीं है, नए साल पर बारिश के आसार हैं।

मंगलवार को गोरखपुर, प्रयागराज, बलिया, कानपुर समेत 37 शहर कोहरे की चपेट में रहे।

दिल्ली में बुधवार को घने कोहरे का अलर्ट है। न्यूनतम 8 और अधिकतम 23 तापमान रहने की संभावना है। नए साल के पहले दिन 1 जनवरी को हल्की बारिश के भी आसार हैं।

**दूषित पानी से मौत**

**इंदौर में 35 लोग अस्पताल में भर्ती; 2 अफसर निलंबित-एक बर्खास्त, जांच समिति बनाई**

# शौचालय का पानी घरों तक पहुंचा : पीने वाले 5 की मौत

**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी पीने से 5 लोगों की मौत हो गई है। इनके नाम नंदलाल पाल (75), उर्मिला यादव (69), उमा कोरी (31), मंजुला पति दिगंबर (74) और सीमा प्रजापत बताए गए हैं। 35 से ज्यादा बीमार लोग अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती हैं।

हालांकि, जिला प्रशासन ने 3 लोगों की मौत की ही पुष्टि की है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, मृतकों में नंदलाल, उर्मिला और तारा कोरी शामिल हैं। इन तीनों की मौत डायरिया से होना बताया गया है।



मामले में संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने देर रात जोनल अधिकारी शालिग्राम शितोले और प्रभारी असिस्टेंट इंजीनियर (पीएचई) योगेश जोशी को निलंबित कर दिया है। प्रभारी डिप्टी इंजीनियर (पीएचई) शुभम श्रीवास्तव की सेवा समाप्त कर दी गई है।

तीन सदस्यों की जांच समिति बनाई गई है। इसके अध्यक्ष आईएएस नवजीवन पंवार होंगे। समिति में सुपरिटेंडेंट इंजीनियर प्रदीप निगम और मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. शैलेश राय को भी शामिल किया गया है। सीएम ने मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा भी की है।

### शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज मिला

भागीरथपुरा में चौकी से लगे शौचालय के नीचे मेन लाइन में लीकेज भी सामने आया है। आशंका है कि इस लीकेज से ही दूषित पानी, पेयजल की पाइपलाइन में मिला होगा।

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंगलवार को इलाके का दौरा किया। अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल भी जाना। विजयवर्गीय ने कहा- भागीरथपुरा से पानी के 70 से ज्यादा सैंपल लिए हैं। सभी मरीजों का इलाज सरकार के खर्च पर होगा। जिन लोगों ने इलाज के लिए पहले से पैसे जमा किए हैं, उन्हें रिफंड कराया जाएगा।

वहीं, महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा- घटना के लिए जो भी जिम्मेदार होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इलाके में 50 टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। हेल्पलाइन नंबर 7440440511 जारी किया गया है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक

2
संपादकीय

गौतमबुद्धनगर
बुधवार 31 दिसंबर 2025
Www.vishalindia.in

# संपादकीय

## भारतीय जनता पार्टी में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों की अधिकता : एक तथ्यात्मक और निष्पक्ष विश्लेषण



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

भारतीय राजनीति में महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों पर बहस अक्सर भावनात्मक और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप में उलझ जाती है। हाल ही में एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट ने इस विषय को फिर से केंद्र में ला दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में बैठे 151 सांसदों और विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं, जिनमें 16 पर बलात्कार के आरोप शामिल हैं। इनमें भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के 54 सदस्य हैं—संख्या के लिहाज़ से सबसे अधिक। लेकिन क्या इससे यह निष्कर्ष निकलता है कि बीजेपी में सबसे ज्यादा बलात्कारी हैं? इस प्रश्न का उत्तर आंकड़ों के संदर्भ, प्रतिशत और सामाजिक-राजनीतिक कारकों को साथ रखे बिना नहीं दिया जा सकता।

### 1) आंकड़े क्या कहते हैं?

एडीआर की 2024 रिपोर्ट में 755 सांसदों और 3,938 विधायकों के चुनावी हलफनामों का विश्लेषण किया गया। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में आईपीसी की धाराएं 376 (बलात्कार), 354 (महिला की गरिमा भंग) और 509 (महिला की इज्जत पर हमला) जैसी धाराएं शामिल हैं।

- बीजेपी : 54 सदस्य (10 सांसद, 44 विधायक), 5 पर बलात्कार के आरोप
- कांग्रेस : 23 सदस्य (1 सांसद, 22 विधायक), 5 पर बलात्कार
- टीडीपी : 17
- आप : 13
- एआईटीएमसी : 10
- स्वतंत्र : 6, राजद : 5

संख्या के स्तर पर बीजेपी ऊपर दिखती है, लेकिन यहीं रुकना अधूरा विश्लेषण होगा।

### 2) पार्टी का आकार और प्रतिशत का सवाल

बीजेपी देश की सबसे बड़ी पार्टी है—लोकसभा, राज्यसभा और विधानसभाओं को मिलाकर उसके 1,700-1,800 के आसपास चुने हुए प्रतिनिधि हैं। कांग्रेस के कुल प्रतिनिधि 800-900 के आसपास माने जाते हैं।

- अनुमानित प्रतिशत के हिसाब से, बीजेपी में ऐसे मामलों की दर लगभग 3 प्रतिशत, जबकि कांग्रेस में करीब 2.8 प्रतिशत बैठती है।
- बलात्कार के आरोपों में कांग्रेस का प्रतिशत लगभग 0.6 प्रतिशत, बीजेपी का लगभग 0.3 प्रतिशत आंका जाता है।

अर्थात, पूर्ण संख्या अधिक होने का बड़ा कारण पार्टी का आकार है—न कि किसी एक दल की विशिष्ट प्रवृत्ति।

### 3) क्यों दिखते हैं ऐसे मामले अधिक?

(क) राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता और जांच का दायरा

चुनावी हलफनामों में आपराधिक मामलों की घोषणा अनिवार्य है। सत्ता में रहने वाली पार्टियां अधिक जांच, शिकायतों और मीडिया कवरेज के दायरे में आती हैं। कई मामलों में राजनीतिक बदले का तत्व भी होता है—खासकर चुनावी मौसम में।

(ख) सामाजिक यथार्थ का प्रतिबिंब

महिलाओं के खिलाफ अपराध राष्ट्रीय समस्या है।

यह मुद्दा सिर्फ बीजेपी तक सीमित नहीं है; यह भारतीय राजनीति की गहरी समस्या है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए जरूरी है कि पार्टियां उम्मीदवारों की जांच करें, महिलाओं को अधिक प्रतिनिधित्व दें (वर्तमान में लोकसभा में केवल 14 प्रतिशत महिलाएं हैं), और कानूनी सुधार लागू करें। वोटरों को भी जागरूक होना चाहिए। एडीआर जैसी संस्थाएं पारदर्शिता बढ़ाती हैं, लेकिन बदलाव के लिए सामूहिक प्रयास चाहिए।

अंत में, बीजेपी में सबसे ज्यादा बलात्कारी जैसी बातें राजनीतिक पूर्वाग्रह से प्रेरित लगती हैं। तथ्य बताते हैं कि समस्या सभी पार्टियों में है, और इसका समाधान राजनीतिक इच्छाशक्ति में है। महिलाओं की सुरक्षा राजनीति से ऊपर होनी चाहिए।

## कांग्रेस के संकट

निस्संदेह, देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस को फिलहाल बेहद मुश्किल दौर से गुजरना पड़ रहा है। चुनाव दर चुनाव उसका दायरा लगातार सिमटता ही जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चुनावी मोर्चे पर भी कांग्रेस के लिए बीत रहा साल निराशाजनक ही रहा है। कांग्रेस पार्टी को दिल्ली और बिहार विधानसभा चुनावों में करारी शिकस्त का सामना भी करना पड़ा है। हालांकि, पार्टी ने 'वोट चोरी' मुहिम को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाने का पुरजोर प्रयास किया, लेकिन इसके बावजूद उसके परंपरागत वोट फिर लौटकर नहीं आए। बल्कि इस मुद्दे पर इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों को भी सकारात्मक प्रतिसाद नहीं मिल सका। पार्टी के लिए आने वाला साल एक नई चुनौती लेकर आ रहा है। आने वाले साल में असम, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कांग्रेस पार्टी के 140वें स्थापना दिवस पर शीर्ष नेतृत्व का आत्मविश्वास से भरा रवैया दिखाना स्वाभाविक ही कहा जाएगा। इस आयोजन के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि 'कांग्रेस सिर्फ एक राजनीतिक पार्टी ही नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज है, जो सदैव हर कमजोर, वंचित और मेहनतकश व्यक्ति के हितों के लिए खड़ी रही है।' वहीं इस दौरान कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़ ?गे ने घोषणा की कि 'कांग्रेस एक विचारधारा का नाम है और विचारधाराएं कभी नहीं मरतीं।' लेकिन वास्तव में एक कड़वी सच्चाई यह है कि पार्टी के अस्तित्व पर संकट दिन-ब-दिन गहराता जा रहा है। पार्टी संगठन में असंतोष की आहटें साफ तौर पर सुनाई दे रही हैं।

यह असंतोष किस हद जा पहुंचा है, हालिया घटनाक्रम इसकी पुष्टि करता है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भारतीय जनता पार्टी की कुशल संगठनात्मक रणनीति की प्रशंसा और ट्विटर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर साझा करते हुए राजनीतिक परिदृश्य में हलचल मचा दी थी। निश्चय ही आम कार्यकर्ता पर इसका सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ा होगा। दरअसल, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने जमीनी स्तर पर कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

देखा जाए तो गाहे-बगाहे कांग्रेस संगठन से शीर्ष स्तर पर गहरे तक जुड़े रहे दिग्गज कांग्रेस नेताओं के पार्टी लाइन से हटकर दिए गये बयान पार्टी के लिए असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं। जब कांग्रेस पार्टी के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह का भाजपा व आरएसएस की संगठनात्मक शक्ति को लेकर चौंकाने वाला बयान सार्वजनिक विमर्श में आया, तो उनके विचारों के प्रति शशि थरूर का संयमित समर्थन करता दृष्टिकोण भी सामने आया, जो यह भी दर्शाता है कि मौजूदा चुनौतियों के बीच कांग्रेस पार्टी संगठनात्मक शक्ति के पुनर्निर्माण के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं कर सकती। अक्सर कांग्रेस यह दावा भी करती रही है कि इतिहास, मूल्य और विचारधारा उसकी मूल पूंजी हैं।

# बढ़ते कामकाजी जीवन के दबाव में बिखरते परिवार

-ललित गर्ग-




भाग-दौड़, प्रतिस्पर्धा और आकांक्षाओं से भरे आधुनिक जीवन में परिवार के लिए समय निकालना आज केवल एक भावनात्मक आवश्यकता नहीं, बल्कि सामाजिक अस्तित्व का प्रश्न बनता जा रहा है। वर्ष 2025 की विदाई और 2026 की अगवानी की इस संधि बेला में खड़े होकर जब हम पीछे मुड़कर देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि विकास, तकनीक और कैरियर की दौड़ ने हमें सुविधा तो दी, लेकिन संबंधों की ऊष्मा धीरे-धीरे छीन ली। परिवार, जो सदियों से मनुष्य का सबसे सुरक्षित आश्रय रहा है, आज स्वयं असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। प्रश्न यह नहीं है कि आधुनिकता गलत है, प्रश्न यह है कि क्या आधुनिक जीवन शैली में परिवार व्यवस्था को बचाने की हमारी इच्छाशक्ति और समझ उतनी ही मजबूत है या नहीं?

व्यस्ततम, घटनाबहुल एवं कामकाजी जिंदगी जीने के साथ परिवार के लिए वक्त निकालना आज के इंसान के लिए ज्यादा जरूरी हो गया है। परिवार से यह जुड़ाव व्यक्ति को न केवल भावनात्मक रूप से, बल्कि शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से भी खुशनुमा रहने की ताकत देता है। इस सोच के बीच ताजा अध्ययन में आया यह तथ्य सचमुच चौंकाने वाला और चिंताजनक है कि काम के बोझ व परिवार को समय नहीं दे पाने से उपजी परिस्थितियों से निजात पाने के लिए साठ फीसदी से ज्यादा लोग अपनी मौजूदा नौकरी को बदलना चाहते हैं। ग्रेट प्लेस टू वर्क का यह अध्ययन भारत के कामकाजी लोगों के लिए और भी गंभीर है क्योंकि वर्क-लाइफ बैलेंस की ग्लोबल रैंकिंग में हम 42 वें स्थान पर हैं।

आज कामकाजी जीवन का दबाव इतना बढ़ चुका है कि व्यक्ति शारीरिक रूप से घर में मौजूद होते हुए भी मानसिक रूप से दफ्तर में ही रहता है। डिजिटल कनेक्टिविटी ने समय और स्थान की सीमाएं मिटा दी हैं, लेकिन इसी के साथ उसने घर और कार्यस्थल के बीच की स्वाभाविक दीवार भी तोड़ दी है। मोबाइल फोन, लैपटॉप और ऑनलाइन मीटिंग्स ने परिवार के साथ बैठकर बातचीत करने, एक-दूसरे की बात सुनने और महसूस करने के अवसरों को सीमित कर दिया है। विडंबना यह है कि हम परिवार के लिए मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उसी मेहनत की कीमत परिवार से दूरी बनाकर चुका रहे हैं।

वर्क फ्रॉम होम की संस्कृति को शुरू में वरदान माना गया था, लेकिन धीरे-धीरे यह भी पारिवारिक जीवन के लिए एक नई चुनौती बन गई। घर अब विश्राम और संवाद का स्थान न रहकर कार्यालय का विस्तार बन गया है। बच्चों के सामने माता-पिता लगातार स्क्रीन में उलझे रहते हैं, पति-पत्नी के बीच संवाद की जगह नोटिफिकेशन ले लेते हैं और बुजुर्गों की बातें अक्सर 'बाद में' की श्रेणी में डाल दी जाती हैं। ऐसे में परिवार एक साथ रहते हुए भी भीतर से बिखरता चला जाता है। यह बिखराव केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि संस्कारों, परंपराओं और आपसी जिम्मेदारियों का भी है।

कॉर्पोरेट कार्यशैली में बढ़ते लक्ष्य, बढ़ता प्रतिस्पर्धात्मक दबाव और बॉस संस्कृति ने व्यक्ति को लगातार यह एहसास कराया है कि यदि वह रुका तो पीछे रह जाएगा। इस डर ने जीवन की गति को इतना तेज कर दिया है कि ठहराव, आत्मचिंतन और संबंधों के लिए समय निकालना कमजोरी समझा जाने लगा है।

जबकि सच यह है कि मजबूत परिवार ही व्यक्ति को मानसिक स्थिरता, आत्मविश्वास और जीवन की कठिनाइयों से जूझने की ताकत देता है। जब यह आधार कमजोर होता है, तो व्यक्ति बाहर से सफल दिखते हुए भी भीतर से टूटने लगता है।

सोशल मीडिया ने इस संकट को और गहरा किया है। एक ही छत के नीचे रहते हुए भी परिवार के सदस्य अलग-अलग आभासी दुनिया में जी रहे हैं। दिखावे की खुशी, तुलना की प्रवृत्ति और निरंतर उपलब्ध रहने का दबाव रिश्तों में असंतोष और तनाव पैदा कर रहा है। हम दूसरों की जिंदगी पर नजर रखने में इतने व्यस्त हो गए हैं कि अपने घर के भीतर चल रही भावनाओं को समझने का समय ही नहीं बचा। यह स्थिति यदि यूं ही चलती रही तो परिवार केवल एक संरचना बनकर रह जाएगा, जिसमें आत्मा का अभाव होगा। ऐसे समय में आदर्श और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की पुनर्स्थापना कोई आसान काम नहीं है, लेकिन असंभव भी नहीं। इसके लिए सबसे पहले हमें यह स्वीकार करना होगा कि करियर और परिवार एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यह सोच बदलनी होगी कि सफलता का पैमाना केवल पद, पैसा और प्रतिष्ठा है। यदि इन सबके बीच परिवार में संवाद, स्नेह और अपनापन नहीं है, तो ऐसी सफलता अधूरी ही नहीं, खोखली भी है। नए वर्ष में हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम अपने समय, ऊर्जा और प्राथमिकताओं का पुनर्मूल्यांकन करेंगे।

परिवार को बचाने के लिए किसी बड़े सिद्धांत की नहीं, बल्कि छोटे-छोटे व्यवहारिक बदलावों की जरूरत है। घर में रहते हुए कुछ समय तकनीक से दूरी बनाना, साथ बैठकर भोजन करना, बच्चों और बुजुर्गों की बातों को ध्यान से सुनना और एक-दूसरे की भावनाओं को महत्व देना, ये सब साधारण लगने वाले कदम ही परिवार को फिर से जोड़ सकते हैं। यह समझना जरूरी है कि गुणवत्ता पूर्ण समय केवल घंटों की संख्या से नहीं, बल्कि उस समय में मौजूद संवेदनशीलता और सहभागिता से तय होता है। नई परिवार व्यवस्था का अर्थ यह नहीं कि हम पुरानी परंपराओं को ज्यों का त्यों लौटा लें, बल्कि यह है कि हम आधुनिक जीवन की वास्तविकताओं के बीच संबंधों के मूल्यों को सुरक्षित रखें। जहां दोनों पति-पत्नी कामकाजी हैं, वहां जिम्मेदारियों का संतुलित बंटवारा, आपसी सहयोग और सम्मान परिवार को मजबूत बना सकता है। बच्चों को केवल प्रतिस्पर्धा की दौड़ के लिए तैयार करने के बजाय उन्हें भावनात्मक बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और रिश्तों की अहमियत सिखाना भी उतना ही जरूरी है।

बुजुर्गों को बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और संस्कार की धरोहर मानकर सम्मान देना परिवार की आत्मा को जीवित रखता है।

घर पर रहते हुए भी कार्यस्थल से डिजिटल कनेक्टिविटी ने अलग तरह के तनाव को जन्म दिया है। रही-सही कसर घर से कार्यस्थल की लंबी दूरी पूरी कर देती है जहां व्यक्ति को दिनभर का बड़ा हिस्सा सफर में बिताने की मजबूरी का सामना भी करना पड़ता है। खतरे की बात यह भी है कि दफ्तर में काम का दबाव कई बार व्यक्ति का आत्मविश्वास भी कमजोर कर देता है। यह बात और है कि संस्थानों में काम के घंटे बढ़ाने का मुद्दा भी हमारे यहां बहस का विषय बनता रहा है। तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वैश्विक स्तर पर उत्पादकता बढ़ाने का विकल्प कार्य के घंटे बढ़ाना ही हो सकता है। इसीलिए श्रम कानून में भी काम के घंटे बढ़ाने की छूट दी जा रही है। इसमें दो राय नहीं कि अधिक से अधिक कमाने की चाहत के साथ-साथ कार्यस्थल पर काम का बोझ भी बढ़ा है।यह भी जरूरी है कि संस्थान और समाज दोनों स्तरों पर वर्क-लाइफ बैलेंस को गंभीरता से लिया जाए। केवल कानून बनाना पर्याप्त नहीं, बल्कि कार्यसंस्कृति में मानवीय दृष्टिकोण को शामिल करना होगा। उत्पादकता का अर्थ केवल लंबे काम के घंटे नहीं, बल्कि संतुलित और संतुष्ट कर्मचारी भी है। जब व्यक्ति का पारिवारिक जीवन स्थिर होता है, तभी वह कार्यस्थल पर रचनात्मक और प्रभावी योगदान दे पाता है।

नए वर्ष की दहलीज पर खड़े होकर यह आत्ममंथन जरूरी है कि यदि हमने आज परिवार को प्राथमिकता नहीं दी, तो आने वाली पीढ़ियों को केवल सुविधाएं तो मिलेंगी, लेकिन संबंधों की गर्मी नहीं। परिवार केवल साथ रहने का नाम नहीं, बल्कि साथ महसूस करने की प्रक्रिया है।

यदि यह प्रक्रिया टूट गई तो समाज की नींव कमजोर हो जाएगी। इसलिए 2026 की ओर कदम बढ़ाते हुए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम तकनीक का उपयोग जीवन को सरल बनाने के लिए करेंगे, संबंधों को प्रतिस्थापित करने के लिए नहीं। करियर की ऊंचाइयों के साथ-साथ परिवार की जड़ों को भी सींचेंगे, ताकि आधुनिकता और मानवीयता के बीच संतुलन बना रहे। यही संतुलन एक नई, सशक्त और अनुकरणीय परिवार व्यवस्था की नींव रख सकता है, जो बदलते समय में भी रिश्तों की रोशनी को बुझने नहीं देगा।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3756



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः:

1 2 3 4 5 / 7 8 9

1+2 = 3
1+3 = 4
7+9 = 16
8+9 = 17

### काकुरो - 3755 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक सेठ अपने बेटे को कॉलेज में नाम लिखवाने आये.

'सेठजी आप लेट हो गए हैं, अब तो कोई भी सीट खाली नहीं है.' प्रधानाचार्य ने कहा.

सेठजी ने कहा-आप चिन्ता न करें, मेरे बेटे का नाम लिख लें. सीट मैं नयी बनवा दूँगा.

□ □ □

'कुँवारे व्यक्ति को तुम स्वार्थी क्यों कहती हो?' पहली फिल्म अभिनेत्री ने दूसरी फिल्म अभिनेत्री से पूछा.

दूसरी अभिनेत्री ने कारण बताया, 'क्योंकि कुँवारा व्यक्ति किसी महिला को तलाक का अवसर नहीं देता.'

□ □ □

विवाह के कुछ दिन बाद पति-पत्नी में लड़ाई हो गयी. पत्नी बोली, 'मैं मायके जा रही हूँ, अब नहीं आऊँगी.'

पति शांत रहा. उसने जेब में हाथ डाला और उसे रुपये देकर बोला, 'यह लो ट्रेन का किराया.'

पत्नी ने रुपये गिने और बोली, 'ट्रेन की वापसी का किराया कौन देगा?'

□ □ □

युवती-किसी ने सत्य ही कहा है कि जिसे शक्ल मिलती है उसे अक्ल नहीं मिलती.

युवक-इसलिए तो मैंने तुमसे प्रेम किया है.

## फिल्म वर्ग पहेली- 3756



**बायें से दायें:-**

१. फिल्म 'कर्ज' में नायिका कौन थी-२
२. फिल्म 'चला मुरारी हीरो बनने' का नायक कौन था-४
६. फिल्म 'अभय' में दोहरी भूमिका करने वाला नायक -३
७. 'आखिर तुम्हें आना है' गीत वाली फिल्म-४
८. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका कौन थी-२
१०. फिल्म 'मैं ने प्यार किया' में सलमान खान की माँ की भूमिका किसने की थी-२
११. हेमा मालिनी वाली फिल्म 'प्रेमनगर' का नायक कौन था?-३
१६. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली फिल्म-३
१७. संजय, चंद्रचूड़, महिमा चौधरी की फिल्म-२,१,३
१८. 'मेरे दिल ने जो माँगा' गीत वाली फिल्म-४
२०. फिल्म जिसमें राजकपूर का डबल रोल था-२
२१. 'तू कितने बरस की' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२३. ऋषिकपूर, जेबा की 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
२४. फिल्म 'शोले' में अमिताभ के किरदार का क्या नाम था?-२
२६. फिल्म जगत में राजेश खन्ना का प्रचलित नाम-२
२८. सलमान. रेवती की 'आजा गिव मी ए किस' गीत वाली फिल्म-२
३०.'इस जहाँ की' गीत वाली जैकी, अनु अग्रवाल, नगमा की फिल्म-२,३
३१. लोकप्रिय गीत 'इश्क कमीना' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बहुत खूबसूरत गजल' गीत वाली गोविंदा, करिश्मा की फिल्म-३
२. फिल्म 'गदर' में अमीषा पटेल के पिता की भूमिका किसने की थी?-४
३. फिल्म 'निकाह' की नायिका कौन थी-३
४. 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
५. विश्वजीत, राजश्री की ' ना ये जमीं थी ना आसमाँ' गीत वाली फिल्म-३
९. 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली मिथुन, अतुल, पूजा भट्ट की फिल्म-३
१२. 'हम प्यार में जलनेवालों को' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'तुम मुझे यूँ' गीत वाली फिल्म जिसमें शम्मी ने पागल की भूमिका की-३,२,१
१४. 'आला रे पाउस आला' गीत वाली फिल्म-३
१५. बॉबी, टिवंकल खन्ना की 'तेरी अदाओं पे मरता हूँ' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'अच्छा जी मैं हारी' गीत वाली देव आनंद, मधुबाला की फिल्म-२,२
१७. 'रू तू तू दिल में है तू' गीत वाली अक्षय कुमार, रवीना टंडन की फिल्म-२
१९. 'आजा सजन आजा' गीत वाली फिल्म-५
२२. सनी देओल, मीनाक्षी की एक फिल्म-३
२५. संजयदत्त, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. 'क्या है तुम्हारा नाम' गीत वाली फिल्म-२
२९. नाना, पुरू, अनुपमा की 'बहुत खूबसूरत हैं आँखें तुम्हारी' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 3755



## सूडोकु -3756



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु - 3755 का हल



## शब्द पहेली - 3756



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली - 3755 का हल



# नोएडा डंपिंग ग्राउंड तक खंगाले जा रहे सीसीटीवी

## 29 दिसंबर को थैले में मिली थी युवती की लाश, 6 टीम कर रही जांच

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-145 स्थित डंपिंग यार्ड में बैग के अंदर मिली युवती की लाश की शिनाख्त अब तक नहीं हो सकी है। पुलिस ने अब जांच का दायरा बढ़ाते हुए दिल्ली बार्डर से नोएडा की ओर आने वाले कूड़ा डंपरों और अन्य वाहनों पर विशेष नजर रखनी शुरू कर दी है। इसके लिए आईएस टीएमएस का सहारा लिया जा रहा है। इससे पहले भी सिर कटी लाश में आईएस टीएमएस से पुलिस को सुराग मिला था।

पुलिस की ओर से डंपिंग यार्ड में शहर के अलग-अलग हिस्सों से कूड़ा लेकर आने-जाने वाले वाहनों का डाटा जुटाया जा रहा है। नोएडा में कूड़ा उठाने की जिम्मेदारी एजी एनवायरो की है। उनके सारे वाहन जीपीएस ट्रैक पर रहते



है। उनके वाहन चालकों को बैग का फोटो दिखाया जा रहा है।

### दिल्ली नोएडा बार्डर के फुटेज चेक किए

पुलिस ने सोमवार को दिल्ली-नोएडा सीमा पर स्थित हरि दर्शन बार्डर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज तलाश की। इसके अलावा झुंडपुरा बार्डर, कालिंदी कुंज और डीएनडी बार्डर की फुटेज भी खंगाली गई है।

जांच के दौरान कुछ कूड़ा गाड़ियां संदिग्ध पाई गई हैं, जिनके वाहन नंबर के आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है।

### थोक का सामान लेने में प्रयोग होता बैग

हत्यारोपी का संबंध किसी फैक्ट्री या औद्योगिक क्षेत्र से हो सकता है। शव को छिपाने के लिए जिस बैग का इस्तेमाल किया गया है। वह फैक्ट्री या माल ढुलाई में प्रयुक्त होने वाला प्रतीत हो रहा है।

वहीं युवती के हाथ-पैर बांधने में इस्तेमाल की गई चार से पांच इंच चौड़ी सफेद पट्टी भी औद्योगिक इकाइयों में इस्तेमाल होने वाले सामान की ओर इशारा कर रही है।

### कूड़े की गाड़ी से ही आया शव

डंपिंग यार्ड में प्रवेश के लिए केवल एक ही गेट है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि शव कूड़े के डंपर के जरिए यार्ड तक पहुंचा या फिर किसी ने सुनसान का फायदा उठाकर यहां फेंक दिया।

कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस की छह टीमें शव की शिनाख्त और आरोपियों की तलाश में जुटी हैं। हर पहलू पर गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

# ग्रेटर नोएडा-जेवर के लिए 15 इलेक्ट्रिक बसें चलेंगी

## यमुना प्राधिकरण को मिलेंगी, रूट प्लान तैयार

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जेवर एयरपोर्ट तक सार्वजनिक परिवहन को बेहतर बनाने के लिए 15 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। इन बसों के संचालन के लिए रूट प्लान तैयार कर लिया गया है।

यमुना प्राधिकरण को जल्द ही शासन स्तर से ये 15 इलेक्ट्रिक बसें मिलेंगी। इन बसों का संचालन उत्तर प्रदेश रोडवेज के माध्यम से किए जाने पर चर्चा चल रही है।

कासना बस डिपो के अधिकारियों के अनुसार, इन बसों को चार अलग-अलग रूटों पर संचालित करने की योजना है। रूट प्लान में ग्रेटर नोएडा वेस्ट के गौड़ सिटी गोल चक्कर और



ग्रेटर नोएडा के विभिन्न सेक्टरों व मुख्य स्थानों को जोड़ा गया है।

यह पहल जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को ध्यान में रखते हुए ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट से सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से की जा रही है।

# शार्ट न्यूज

## ग्रेटर नोएडा में ऊंट से गिरा युवक

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में दो ऊंटों का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में एक व्यस्त गोल चक्कर पर ऊंटों को गाड़ियों के बीच दौड़ते हुए देखा जा सकता है, जिसमें एक ऊंट पर सवार युवक नीचे गिर गया और रस्सी के सहारे कुछ दूर तक घसीटा गया। यह घटना कमर्शियल बेल्ट गोल चक्कर के पास दोपहर के समय हुई। वीडियो में दिख रहा है कि एक ऊंट पर एक युवक बैठा था। आसपास चल रही गाड़ियों को देखकर ऊंट ने अचानक तेज दौड़ लगा दी। तेज रफ्तार के कारण ऊंट पर बैठा युवक असंतुलित होकर नीचे गिर गया। हालांकि, ऊंट की रस्सी उसके हाथ में ही रही और ऊंट उसे सड़क पर काफी दूर तक घसीटता चला गया। इस घटना के बाद एक ऊंट तेजी से वहां से भाग गया। सड़क पर गिरने से युवक घायल भी हो गया। पीछे चल रही एक कार में सवार किसी व्यक्ति ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। व्यस्त गोल चक्कर पर ऊंटों की इस तरह की दौड़ से कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हालांकि, कुछ दूर जाकर युवक ने दोनों ऊंटों को पकड़ लिया और अपने साथ ले गया।

## बुजुर्ग दंपति और बेटे से मारपीट

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर क्षेत्र में एक बुजुर्ग दंपति और उनके बेटे के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। गांव दयानतपुर के एक युवक ने अपने पड़ोसी और उसके तीन बेटों पर यह आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दयानतपुर निवासी सोनू ने पुलिस को दी अपनी तहरीर में बताया कि सोमवार दोपहर को उसके पिता हीरालाल घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान उनके पड़ोसी पदम सिंह और उसके बेटे शौरव, मोहित तथा गौरव ने उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर सोनू और उसकी मां श्यामवती बीच-बचाव करने मौके पर पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। इसके बाद, जान से मारने की धमकी देते हुए वे मौके से फरार हो गए। इस घटना में हीरालाल, श्यामवती और सोनू तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने उन्हें जेवर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्रेटर नोएडा डायट में आईसीटी प्रशिक्षण

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर स्थित जिला शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में मंगलवार को आईसीटी विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण जिले के उच्च प्राथमिक और प्राथमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के प्रभावी संचालन के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम का अंतिम बैच था, जिसमें बड़ी संख्या में शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण की अध्यक्षता डायट प्राचार्य राज सिंह यादव ने की। संदर्भदाता आकाश तालान ने शिक्षकों को सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) के माध्यम से शिक्षण को अधिक रोचक और प्रभावी बनाने के तरीके सिखाए। उन्होंने स्मार्ट क्लास में डिजिटल संसाधनों के उपयोग, ई-कंटेंट और तकनीकी उपकरणों के संचालन पर विस्तृत जानकारी दी। समापन अवसर पर प्राचार्य राज सिंह यादव और डायट मेंटर संदीप द्वारा प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस दौरान एआरपी हरेंद्र शर्मा, रविंद्र नगर, सारिका गोयल, मनीष श्रीवास्तव सहित लगभग 100 अध्यापक उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना था, ताकि वे आधुनिक शिक्षण विधियों का उपयोग कर सकें और छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर सकें।

## सोसाइटी में किड्स प्ले एरिया नहीं बनने से परेशानी

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की अम्रपाली ड्रीम वैली एनचैंटे के सोसाइटी में किड्स प्ले एरिया का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिसका लोगों द्वारा विरोध जताया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि लगातार एनबीसीसी से इसका निर्माण कार्य पूरा करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरुण मौर्य ने बताया कि एनबीसीसी द्वारा अधूरे कार्यों के साथ परियोजना को सौंप दिया गया है। सोसाइटी में रहने वाले लोगों की सुविधा भी पूरी तरह से विकसित नहीं की गई है। परिसर में बच्चों के खेलने का स्थान चयनित है, जिसका निर्माण कार्य पिछले काफी समय से लंबित पड़ा हुआ है।लगातार एनबीसीसी से इसको पूरा करने की मांग भी की जाती है, लेकिन अधिकारी कोई सुनवाई करने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में बच्चों को वहां पर खेलने में परेशानी होती है। बच्चों के पास परिसर में झूले सहित इत्यादि सुविधा नहीं है। पूर्व में क्लब हाउस की सुविधाओं को लोगों द्वारा अपने स्तर से कराया गया था। क्लब हाउस में लोगों ने अपने पैसे एकत्रित कर जिम का निर्माण पूरा किया, ताकि लोग उसका इस्तेमाल कर सकें। वहीं, लोगों का कहना है कि लगता है किड्स प्ले एरिया का काम भी इसी तरह पूरा करना होगा।

## नोएडा-ग्रेनो के मॉल और बाजारों में चहल-पहल

**नोएडा/ग्रेटर नोएडा।** जिले में नए साल को लेकर बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है। बाजार के अलावा मॉल, बार और क्लब भी रंग-बिरंगी लाइट से सज चुके हैं। नई साल की खरीदारी के लिए लोग बाजार पहुंच रहे हैं। चमचमाती रोशनी, रंगीन सजावट, लाइव म्यूजिक और बच्चों की खिलखिलाहट के बीच शहर के माल और पिकनिक स्थान उत्सव के तैयार है। परिवारों से लेकर युवाओं तक, हर कोई 2026 के स्वागत की तैयारियों में जुटा है। नए साल के स्वागत के लिए शहर के पब, बार और क्लबों में विशेष तैयारी की गई है। जिले में दो हजार से अधिक स्थानों पर पुराने साल को अलविदा कर नए साल का स्वागत करते हुए जश्न मनाया जाएगा।जिला आबकारी विभाग के मुताबिक, जिले में 1200 से अधिक स्थानों पर बार के लिए अस्थाई लाइसेंस जारी किए गए हैं। इसके साथ ही विभिन्न मॉल और सेक्टर में सात क्लब और 142 स्थाई बारों में उत्साह के संग नए साल का जश्न मनाया जाएगा। इसके लिए कुछ क्लब और बार ने रात दो बजे तक की स्वीकृति भी ली है। लोगों ने क्लब और बार में एडवांस में बुकिंग भी ली जा रही है। जानकारी के मुताबिक, अधिकांश स्थानों पर बुकिंग लगभग फुल हो चुकी है। न्यूनतम एक हजार से लेकर 12 हजार रुपये तक प्रति सदस्य की बुकिंग ली जा रही है। कई क्लब और बार में ड्रेस कोड भी लागू किया गया है। ड्रेस कोड का पालन करने वाले लोगों को ही क्लब और बार में प्रवेश दिया जाएगा। सेक्टर-95 द जंगल ट्रेल में लगे मार्केट कार्निवाल ने लोगों को खासा आकर्षित किया है।

# दनकौर पुलिस ने 5 सक्रिय बदमाशों के फोटो लगाए

## चौराहों पर बैनर लगाकर लोगों को सतर्क किया




**जेवर।** ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एक नई पहल की है। पुलिस ने दनकौर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर सक्रिय बदमाशों के फोटो, नाम और पते वाले बैनर-पोस्टर लगाए हैं। इसका उद्देश्य आम लोगों को इन अपराधियों के प्रति जागरूक और सतर्क करना है।

पुलिस के अनुसार, शोएब उर्फ रिहान, मौसीम, तोसीम, मनीष और अभिमन्यु नामक पांच सक्रिय बदमाशों की तस्वीरें सार्वजनिक की गई हैं। ये अपराधी क्षेत्र में लगातार चोरी और लूट जैसी घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। इस पहल का लक्ष्य है कि लोग इन्हें पहचानें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है। उनका मानना है कि इससे अपराधियों में डर पैदा होगा और आम नागरिक भी सतर्क रहेंगे, जिससे अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी।

# ग्रेटर नोएडा में ब्रिटिशकालीन पुल जर्जर

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर नवादा गांव को जाने वाला ब्रिटिशकालीन पुल कई वर्षों से जर्जर हालत में है। यह पुल हादसों का कारण बन रहा है, जिससे स्थानीय लोगों में चिंता है। स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह पुल नवादा, अमरपुर, पीपलका, दादूपुर दाउदपुर, बरसात और इमलिया सहित लगभग 10 गांवों के लोगों को नोएडा और ग्रेटर नोएडा से जोड़ता है। इस पर वाहनों का भारी आवागमन रहता है। पुल की दोनों तरफ की दीवारें टूटी हुई हैं, जिसके कारण पिछले कुछ महीनों में कई छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। क्षेत्र के अन्य कई पुलों की हालत भी जर्जर है, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। स्थानीय निवासी ओमवीर नागर, चरण सिंह और त्रिलोक नवादा सहित अन्य लोगों ने बताया कि वे जल्द ही इस मामले की शिकायत डीएम कार्यालय में करेंगे।

# प्रशासन शीतलहर को लेकर अलर्ट मोड पर

## जनपद में 19 रैन बसेरों का इंतजाम किया गया

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतम बुद्ध नगर में शीतलहर और भीषण ठंड से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं। जनपद में कुल 19 रैन बसेरे स्थापित किए गए हैं, जहाँ निराश्रित और असहाय लोग शरण ले सकते हैं। इन रैन बसेरों के साथ-साथ अलाव की व्यवस्था भी की गई है। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अतुल कुमार ने बताया कि अत्यधिक ठंड और शीतलहर से उत्पन्न समस्याओं के मद्देनजर निराश्रित, असहाय और कमजोर वर्ग के लोगों को राहत पहुँचाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

जिला प्रशासन ने नोएडा प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के सहयोग से विभिन्न स्थानों पर ये रैन बसेरे/शेल्टर होम स्थापित किए हैं। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने को मजबूर न हो।



वर्तमान में 19 रैन बसेरे तैयार हैं, जिनकी संख्या आवश्यकतानुसार बढ़ाई जा सकती है।

अपर जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि इन रैन बसेरों में ठहरने वाले कमजोर वर्ग के लोगों के लिए ठंड से बचाव के सभी आवश्यक इंतजाम निशुल्क किए गए हैं।

इनमें गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और किचन जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, रैन बसेरों के आसपास अलाव जलाने की भी व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन ने आम जनता और आगंतुकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के पास रात में रुकने की व्यवस्था नहीं है, तो वह इन रैन बसेरों का लाभ उठाएं। प्रशासन ने लोगों से यह भी आग्रह किया है कि यदि उन्हें कोई जरूरतमंद व्यक्ति सड़कों पर सोता मिले, तो उसे इन सरकारी रैन बसेरों के बारे में सूचित करें, ताकि वे सुरक्षित स्थान पर शरण लेकर ठंड से बच सकें।

# बच्चों के सामने गाली न दो...पति ने मार दिया चाकू

## नोएडा में पत्नी के टोकने से नाराज होकर घायल कर दिया, पड़ोसियों ने भर्ती कराया

**नोएडा।** सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में शनिवार दोपहर घरेलू कलह के दौरान गाली-गलौज कर रहे पति का विरोध करना भारी पड़ गया। गुस्से में पति ने पत्नी को चाकू से गोद डाला। गंभीर हालत में महिला का अस्पताल में इलाज चल रहा है। फेज-वन थाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है।

पीड़िता आरती देवी ने पुलिस को बताया कि वह पति प्रवीन कुमार उर्फ पिंटू और बच्चों के साथ सेक्टर-10 स्थित जेजे कॉलोनी में रहती हैं। पति से आए दिन झगड़ा होता रहता है। 27



दिसंबर की दोपहर करीब ढाई बजे पति ने घरेलू बातों को लेकर झगड़ा शुरू कर दिया। बच्चों के सामने ही गाली-गलौज शुरू कर दी।

### गाली-गलौज करने से किया मना

पत्नी ने जब बच्चों की मौजूदगी में गाली-गलौज न करने की बात कही तो पति को इस कदर गुस्सा आया कि उसने स्टैंसिल चाकू से हमला कर दिया।

आरोपी ने महिला की पीठ पर चाकू से लहूलुहान अवस्था में गिरने तक वार करता रहा। महिला ने जब खुद को बचाने का प्रयास किया तो उसके हाथ पर भी चाकू लग गया। किसी तरह स्थानीय लोग पहुंचे तो आरोपी भाग गया।

### आरोपी पति को किया गिरफ्तार

लोगों ने पुलिस की मदद से पीड़िता को जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां से गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया।

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। वहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। महिला की हालत खतरे से बाहर है।

# ग्रेटर नोएडा में 50 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ा बॉयफ्रेंड

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में शादी से इनकार किए जाने पर एक युवक 50 फीट ऊंचे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया। पुलिस और प्रशासन की कड़ी मशक्कत के बाद करीब 3 घंटे बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया। यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के जारचा मार्ग स्थित शाहपुर गांव के पास हुई। पुलिस के अनुसार, युवक की पहचान बुलंदशहर निवासी पंकज के रूप में हुई है। पंकज ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर क्षेत्र स्थित एक होटल में काम करता है। वह एक युवती से शादी करना चाहता था, लेकिन युवती और उसके परिवार ने शादी से इनकार कर दिया। शादी से इनकार के बाद पंकज मानसिक रूप से परेशान हो गया। इसी तनाव में वह युवती के इलाके में पहुंचा और पास ही लगे हाई टेंशन टावर पर चढ़ गया।

युवक करीब तीन घंटे तक टावर पर ही बैठा रहा, जिससे पुलिस और प्रशासन की चिंता बढ़ गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं था।

## जिले में 60 केंद्रों पर होंगी बोर्ड परीक्षाएं

**ग्रेटर नोएडा।** यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर मंगलवार को बोर्ड की तरफ से केंद्रों की अंतिम सूची जारी की गई। जनपद में 60 केंद्रों पर यूपी बोर्ड का हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। जानकारी के मुताबिक, परीक्षा 18 फरवरी से शुरू होगी, इसके लिए सभी केंद्रों पर तैयारी की जा रही हैं। यूपी बोर्ड के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा को लेकर केंद्रों बोर्ड की गाइडलाइन के अनुरूप तैयारी की जा रही हैं। वहीं, मंगलवार को बोर्ड की तरफ से केंद्रों की अंतिम सूची भी जारी कर दी गई।जनपद में 60 केंद्रों पर 18 फरवरी से परीक्षा आयोजित होंगी। पहले बोर्ड की ओर से 59 केंद्रों की सूची में से 35 पर आपत्ति मिली थी। इन आपत्तियों का विभाग द्वारा निस्तारण किया गया किया गया और नए छबकेंद्र की सूची बोर्ड को भेजी गई। इसके बाद विभाग द्वारा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि जनपद में 42674 और व्यक्तिगत से 245 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे। इस बार दोनों कक्षाओं की परीक्षा एक साथ शुरू होगी। पहली पाली 8: 30 से 11: 45 बजे तक होगी। वहीं, दूसरी पाली दोपहर 2: 00 बजे से 5: 15 तक होगी। इस दौरान सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की मदद से केदो पर नजर रखी जाएगी।

# पुरातत्व विभाग ने सांसद प्रतिनिधि को नोटिस जारी किया

## अवैध पार्किंग पर 7 दिन में मांगा स्पष्टीकरण

जेवर। ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में स्थित श्री गुरु द्रोणाचार्य मंदिर और उससे सटे ऐतिहासिक तालाब के पास अवैध पार्किंग बनाने के आरोप में पुरातत्व विभाग ने सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा को नोटिस जारी किया है। विभाग ने उनसे सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है।

यह स्थल पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित घोषित है, जिसके कारण यहां किसी भी गतिविधि के लिए निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य है। विभाग का आरोप है कि यहां एक व्यक्ति ने अवैध रूप से पार्किंग का निर्माण कर दिया है।

पुरातत्व विभाग के नियमों के अनुसार, संरक्षित स्मारक की 100 मीटर की परिधि में खनन, उत्खनन, निर्माण, परिवर्तन या विस्फोट कार्य के लिए विभाग से अनुमति लेना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, स्मारक के चारों ओर 100 मीटर के बाद अगले 200 मीटर तक का क्षेत्र विनियमित क्षेत्र है, जहाँ किसी भी निर्माण, पुनर्निर्माण, मरम्मत या नवीनीकरण के लिए भी विभागीय अनुमति अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है।

इन्हीं नियमों के तहत मंगलवार को पुरातत्व विभाग ने मंदिर परिसर से सटे तालाब की दीवारों और अन्य प्रमुख स्थानों पर नोटिस व पोस्टर चस्पा किए।

पोस्टरों में उल्लेख किया गया है कि संरक्षित स्मारक क्षेत्र में बिना अनुमति टीन शेड लगाकर अवैध पार्किंग बनाई गई है। इस अवैध निर्माण के लिए सांसद प्रतिनिधि सोनू वर्मा को जिम्मेदार ठहराया गया है। नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि यदि तय समय सीमा में संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

विभाग ने यह भी स्पष्ट किया है कि संरक्षित स्मारकों की सुरक्षा और उनके ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है, और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियमों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई के बाद कस्बे में हलचल तेज हो गई है।

# लोकायुक्त भर्ती घोटाला : जीबीयू रजिस्ट्रार पद से हटाए गए

**गौतम बुद्ध नगर।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय (जीबीयू) में कथित भर्ती घोटाले के मामले में लोकायुक्त के हस्तक्षेप के बाद विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी को उनके पद से हटा दिया गया है। लोकायुक्त ने विश्वविद्यालय प्रबंधन से भर्ती संबंधी रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का आदेश दिया था।

कुलपति राणा प्रताप ने सोमवार को रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी को हटाने के आदेश जारी किए। उनके स्थान पर डॉ. चंदर कुमार को कुलसचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। डॉ. चंदर कुमार वर्तमान में स्कूल ऑफ



वोकेशनल स्टडीज एंड एप्लाइड साइंसेज के डीन हैं।

यह कार्रवाई लोकायुक्त द्वारा 25 दिसंबर को जीबीयू प्रबंधन को पत्र जारी करने के बाद हुई है। लोकायुक्त ने 9 जनवरी तक भर्ती से संबंधित सभी रिकॉर्ड प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों में हलचल तेज हो गई थी।

विश्वविद्यालय में बड़े पैमाने पर भर्ती में धांधली की शिकायतें मिली हैं। आरोप है कि अधिकारियों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अयोग्य रिश्तेदारों और सिफारिशी उम्मीदवारों को नौकरी पर रखा है। वहीं, 10 वर्षों से पढ़ा रहे प्रोफेसरों को कथित तौर पर हटा दिया गया है।

इस संबंध में पूर्व में भी शिकायतें सामने आई थीं और छात्र संघ ने भी कई बार आवाज उठाई थी, लेकिन उन पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। लोकायुक्त के हस्तक्षेप और रिकॉर्ड की मांग के बाद अब यह मामला गरमा गया है। विश्वविद्यालय में उच्च पदों पर नियुक्त कई अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इस मामले में कुलपति राणा प्रताप से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

पद से हटाए गए रजिस्ट्रार विश्वास त्रिपाठी ने आरोप लगाया है कि उन्हें साजिश के तहत हटाया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके पद की कोई समय सीमा नहीं थी और वे अपने हितों की रक्षा के लिए कानूनी सहारा ले सकते हैं।

# अखबार बांटने वालों पर शुल्क लगाने का विरोध

**ग्रेटर नोएडा।** पंचशील ग्रीन वन सोसाइटी में प्रवेश के लिए एओए द्वारा अखबार बांटने वाले वेंडरों पर शुल्क लगाने का लोगों ने विरोध किया है। लोगों का कहना है कि इस कारण उनके वेंडर ने अखबार डालना बंद कर दिया है। सोसाइटी में रहने वाले विकास ने बताया कि एओए ने अखबार वालों के प्रवेश पर 500 रुपये मासिक शुल्क लगाया है। इतना ही नहीं बढ़ई, पेंटर सहित अन्य काम करने वालों से भी मासिक शुल्क लेने का निर्णय लिया है।

# नोएडा में रफ्तार का कहर : बेकाबू बीएमडब्लू ने साइकिल सवार को रौंदा, मौके पर ही हुई दर्दनाक मौत

नोएडा। नोएडा की सड़कों पर एक बार फिर तेज रफ्तार बीएमडब्लू कार ने साइकिल सवार को टक्कर मार दी और एक परिवार का चिराग बुझा दिया। बीती रात सेक्टर-31 स्थित निठारी इलाके में एक भीषण सड़क हादसे में 49 वर्षीय साइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और कार को भी कब्जे में ले लिया है।

बता दे कि घटना शुक्रवार रात की है। सूचना मिली कि निठारी स्थित सरस्वती स्कूल के ठीक सामने एक तेज रफ्तार कार और साइकिल के बीच जोरदार टक्कर हुई है। टक्कर इतनी भीषण थी कि साइकिल सवार सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-20 पुलिस मौके पर पहुंची और आनन-फानन में घायल को अस्पताल ले जाया गया। लेकिन अफसोस, डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मृतक की पहचान अशोक शर्मा के रूप में हुई है, जो बरौला, सेक्टर-49 के निवासी थे। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सेक्टर-94 की मोर्चरी में भेज दिया है। हादसे को अंजाम देने वाली कार के चालक को पुलिस ने तुरंत हिरासत में ले लिया। आरोपी की पहचान मंकुल महाजन के रूप में हुई है, जो सेक्टर-44 के रूद्राक्ष इंडिपेंडेंट होम्स में रहते हैं। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल कार को भी अपने कब्जे में ले लिया है। रफ्तार पर लगाम लगाने की तमाम के बावजूद सड़कों पर सुरक्षित सफर अब एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। अशोक शर्मा की मौत ने एक बार फिर यातायात नियमों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। देखना होगा कि पुलिस की जांच में और क्या तथ्य सामने आते हैं।

# युवक की संदिग्ध मौत से सनसनी, आम के पेड़ से लटका मिला शव

## मोबाइल बना जांच का अहम आधार



**पीलीभीत।** पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक की संदिग्ध मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। एक दिन से लापता युवक का शव गांव से कई किलोमीटर दूर आम के पेड़ से लटका मिला, जिससे हत्या और आत्महत्या—दोनों आशंकाएं गहराती जा रही हैं। गांव सिमरिया (सूफी नगर) निवासी बहार पुत्र बाबू सोमवार दोपहर घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजनों ने पहले आसपास खोजबीन की, फिर रिश्तेदारों और परिचितों से संपर्क किया, लेकिन बहार का कहीं कोई पता नहीं चला। पूरी रात परिवार अनहोनी की आशंका में परेशान रहा।

मंगलवार सुबह पिपरिया दुलई के मजरा आंखें में खेत की ओर गए ग्रामीणों की नजर आम के पेड़ से लटके एक युवक पर पड़ी। शव देखते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही खेत स्वामी, पुलिस और परिजन मौके पर पहुंचे। शव की पहचान होते ही परिजन बदहवास हो गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए सीओ डॉ. प्रतीक दहिया स्वयं मौके पर पहुंचे और जांच के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार पांडे ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

जांच के दौरान पुलिस को मृतक का मोबाइल फोन बरामद हुआ है, जिसमें कुछ संदिग्ध कॉल डिटेल्स और रिकॉर्डिंग होने की जानकारी सामने आई है। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि मोबाइल डेटा से यह स्पष्ट हो सकता है कि घटना आत्महत्या है या किसी साजिश का हिस्सा। थाना अध्यक्ष पवन पांडे ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध है और सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

युवक की मौत की खबर से सूफी नगर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का कहना है कि बहार का किसी से कोई विवाद नहीं था, ऐसे में उसकी मौत कई सवाल खड़े कर रही है। पुलिस भी फिलहाल किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची है और हर एंगल से जांच जारी है।

## सहारनपुर में नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान

**सहारनपुर।** सहारनपुर नगर निगम ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। ट्रैफिक और कोतवाली पुलिस के सहयोग से यह अभियान घंटाघर से जामा मस्जिद, सब्जी मंडी पुल और अंबाला रोड स्थित फायर ब्रिगेड कार्यालय तक चलाया गया। इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर अवैध रूप से रखे गए टायर, जालियां, रेहड़ियां, काउंटर और बेंच सहित अन्य सामान जब्त किए गए। नगर निगम की इस कार्रवाई से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया। अतिक्रमण प्रभारी सुधीर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस और प्रवर्तन दल की टीम जैसे ही घंटाघर से भगत सिंह मार्ग और जामा मस्जिद क्षेत्र की ओर बढ़ी, दुकानदारों ने तुरंत अपना सामान दुकानों के भीतर समेटना शुरू कर दिया। कई दुकानदारों ने कार्रवाई से बचने के लिए अपनी दुकानें बंद कर लीं। सब्जी मंडी पुल के पास सड़क पर फल और सब्जी की पेटियां व टोकरे फैलाकर बैठे दुकानदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की गई। उनके चालान काटे गए और अवैध रूप से सड़क घेरने वालों को चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त, कई दुकानों के बाहर फुटपाथ और सड़क पर लगाई गई जालियों को हटाया गया।

# उम्रकैद काट रहे तीन अभियुक्त बरी, सजा रद्द

### हाईकोर्ट ने हत्या के 43 साल पुराने मामले में उम्रकैद वालों को दी राहत



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने हत्या के 43 साल पुराने मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे तीन अभियुक्तों को बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति संजीव कुमार की खंडपीठ ने यह फैसला दिया है।

कोर्ट ने कहा कि यह ब्लाइंड मर्डर था ।चश्मदीद गवाहों के बयान और चिकित्सा साक्ष्य में विरोधाभास पाते हुए कोर्ट ने कहा, अभियोजन पक्ष मामले को संदेह से परे साबित नहीं कर सका। सोरांव थाने में दर्ज इस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, इलाहाबाद ने सजा सुनाई थी। अभियोजन कथानक के अनुसार शिकायतकर्ता राम किशोर ने आठ जुलाई 1982 को तहरीर देकर बताया था कि भाई राम दुलारे गांव भदरी में नहर किनारे पर भटा (बैंगन) की फसल की रखवाली कर रहा था। रात लगभग एक बजे उसे चाचा पंचम ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास कुछ लोग रामदुलारे को पीट रहे हैं। जानकारी पाकर वह चाचा तथा नानकू के साथ मौके पर पहुंचा। वहां उदय नारायण, दयाराम, जैराम, रामअवध, लाला राम, महरानी दीन, हरीश चंद्र, कल्लू, हरि, अमृत लाल और राम सुंदर प्रधान उर्फ भोला उसके भाई को लाठी से मार रहे थे। अमृत लाल ने उसके भाई को नीचे गिरा दिया और उदल उर्फ उदय नारायण ने उसकी गुप्तांग (गुदा) में लाठी डाल दी। उसका भाई वहीं पर मर गया। इसके बाद अभियुक्त धमकाते हुए भाग निकले। पुलिस ने कुल 11 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया। वर्ष 1987 में उन्हें अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने सजा सुनाई। इसके खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर की गई। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी अन्य मामले में वांछित नहीं हैं तो अमृत लाल, हरीश चंद्र और कल्लू को जेल से रिहा किया जाए।

## शार्ट न्यूज

### किशोरी को दूसरी बार बहलाकर ले गया युवक, पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत।** थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने रिश्तेदार युवक पर अपनी नाबालिग पुत्री को दोबारा बहलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना सुनगढ़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। महिला के अनुसार उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 18 मई को उसका रिश्तेदार मोहित पुत्र बलराम सिंह निवासी ग्राम मुजफ्फरनगर, कोतवाली पूरनपुर, बहलाफुसलाकर ले गया था। इस मामले में पहले ही थाना सुनगढ़ी में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय में दाखिल किया था। मामला वर्तमान में न्यायालय में पॉक्सो एक्ट के तहत विचाराधीन है। महिला ने बताया कि 28 दिसंबर की रात करीब 11 बजे आरोपी युवक उसकी पुत्री को एक बार फिर बहलाफुसलाकर ले गया। परिजनों ने रातभर और अगले दिन काफी तलाश की, लेकिन किशोरी का कोई सुराग नहीं लगा। थाना प्रभारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और किशोरी की बरामदगी के लिए संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है।

### विवाह समारोह में अश्लील नृत्य कराने पर मुकदमा दर्ज

**पीलीभीत।** थाना अमरिया क्षेत्र में विवाह समारोह के दौरान सार्वजनिक स्थान पर अश्लील नृत्य कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना अमरिया में तैनात हेड कांस्टेबल अनिल कुमार ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 29 दिसंबर को गश्त के दौरान ग्राम उदयपुर पहुंचे तो ग्रामीणों ने सूचना दी कि 24 दिसंबर की रात करीब 11 बजे गांव निवासी नफीस अहमद पुत्र बशीर अहमद के पुत्र बबलू की शादी थी। विवाह समारोह के दौरान नफीस द्वारा नर्तकियों को बुलाकर सार्वजनिक रास्ते पर अश्लील नृत्य कराया गया। इससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को भारी असुविधा हुई, वहीं महिलाओं को भी शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### उधार के रुपये मांगने पर पिता-पुत्र से मारपीट

**पीलीभीत।** उधार दिए गए ढाई लाख रुपये वापस मांगने पर पिता-पुत्र के साथ मारपीट और लूट का मामला सामने आया है। कोर्ट के आदेश पर थाना न्यूरिया पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना न्यूरिया क्षेत्र के मोहल्ला ठाकुर द्वारा निवासी फुलचंद्र पुत्र तोताराम ने बताया कि उसका छोटा पुत्र जगदीश कुमार बरेली में रहता है। रिश्तेदारी के चलते वह बरेली के किशोर बाजार बिहारीपुर निवासी उर्मिला देवी और उनकी पुत्री रजनी देवी को जानता था। आरोप है कि दोनों ने जरूरत बताकर उससे ढाई लाख रुपये उधार लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद जब उसने रुपये वापस मांगे तो आरोपी नाराज हो गए। 4 दिसंबर की रात आरोपी उसके घर में घुस आए और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। 6 दिसंबर को जब वह बाइक से माधोटांडा जा रहा था, तभी गजरौला क्षेत्र के रिछोला के पास जंगल के समीप आरोपियों ने उसे घेर लिया और मारपीट कर जेब में रखे 2100 रुपये छीन लिए।पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी गई।

### नाबालिग से छेड़खानी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**ललितपुर।** बार पुलिस ने नाबालिग किशोरी से छेड़छाड़ के वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी मंगलवार को पकड़ा गया। पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 388/ 2025 धारा 75(2)/333/352/351 (3) बीएनएस व 7/8 पॉक्सो एक्ट व 3(2)(1 डी) /3(1)द,ध एससी/एसटी एक्ट में वांछित अभियुक्त जयपाल यादव पुत्र रगवर उम्र करीब 40 वर्ष नि0ग्रा0 बघौरा थाना बार ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. महेन्द्र कुमार पाल का. आलोक कुमार का. संदीप कुमार पाल आदि शामिल रहे।

### ठगी का शिकार हुई महिला की धनराशि वापस कराई

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र के गांव की महिला के साथ हुई साइबर ठगी का धनराशि पीड़ित को शत प्रतिशत वापस कराई है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा आवेदिका प्रभा पत्नी शिबू सेन नि0ग्राम पिपरियावंशा थाना जाखलौन जनपद ललितपुर के मोबाइल फोन को हैक कर यू0पी0आई0 के माध्यम से ?39,000/- रुपये की धनराशि का साइबर फ्राड हुआ था, जिसके सम्बन्ध में NCRP पोर्टल के माध्यम से थाना जाखलौन पर शिकायत प्राप्त हुई थी । थाना जाखलौन की साइबर हेल्प डेस्क पुलिस टीम ने पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराये गये बैंक स्टेटमेन्ट व अन्य प्रपत्रों के आधार पर त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करते हुये सम्बंधित बैंक/एजेंसी से पत्राचार कर कुल 29,000/- रुपये होल्ड कराया गया था जिसे नियमानुसार पीड़िता के खाता में वापस कराया गया ।

### सर्द रातों में स्मार्ट मीटर के विरोध में प्रदर्शन

**अलीगढ़।** अलीगढ़ में स्मार्ट मीटर और अन्य मांगों को लेकर शुरू हुआ संयुक्त किसान मोर्चा और बिजली उपभोक्ता मंच का धरना रात को भी जारी है। लाल डिग्गी बिजलीघर पर मंगलवार को 23वें दिन भी प्रदर्शनकारी कड़ाके की सर्दी में धरना स्थल पर नारेबाजी करते रहे। किसानों का कहना है कि जितनी ठंड बढ़ रही है, उतना ही आंदोलन भी गति पकड़ता जा रहा है। मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे धरनास्थल पर रात्रि कैंप में सभा का आयोजन हुआ। क्रांतिकारी किसान यूनियन के राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत ने कहा कि 9 दिसंबर से जारी यह महापड़ाव सिर्फ स्मार्ट मीटर तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर के किसान-मजदूरों से जुड़े बुनियादी सवालों की लड़ाई है। उन्होंने बिजली विधेयक 2025, बिजली के निजीकरण, स्मार्ट मीटर योजना, चारों लेबर कोड और आंदोलनकारी किसानों पर दर्ज मुकदमों की वापसी को प्रमुख मांग बताते हुए कहा कि इन पर ठोस निर्णय होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### तेज रफ्तार पिकअप ने पांच लोगों उड़ाया

**लखनऊ।** लखनऊ के सरोजनीनगर क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप बोलेरो ने कई लोगों को टक्कर मार दी। जिसमें पांच लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां इलाज जारी हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने पिकअप कब्जे में लिया है। काशीराम कट दरोगा खेड़ा के पास मंगलवार को रात 9 बजे भीषण हादसा हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि तेज रफ्तार पिकअप ने कई लोगों को टक्कर मार दी है। टक्कर के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान सीएसए कालोनी दरोगा खेड़ा निवासी प्रशांत कुमार पांडे, तोफिक आलम, आफताप आलम, जुबेर आलम और अमित कुमार के रुप में हुई। घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी भेजा गया है। सभी की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लिया है। चालक की तलाश जारी है।

### नववर्ष पर अयोध्या में सुरक्षा कड़ी

**अयोध्या।** नववर्ष के आगमन को देखते हुए अयोध्या पुलिस पूरी तरह अलर्ट है। जिले में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर सभी राजपत्रित अधिकारी, थाना प्रभारी और थानाध्यक्ष अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार पैदल गश्त कर रहे हैं। जनपद के प्रमुख सार्वजनिक और धार्मिक स्थलों, बाजारों, चौक-चौराहों तथा मुख्य मार्गों पर सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि नववर्ष का उत्सव शांति, सौहार्द और कानून के दायरे में रहकर मनाएं।

## झांसी में पांच हजार रुपए चोरी कर ले गई महिला

**झांसी।** झांसी के सीपरी बाजार में एक महिला ने दुकान से पांच हजार रुपए चोरी कर लिए। वह दुकान पर मोबाइल फोन का चार्जर खरीदने पहुंची थी। इसी बीच उसकी नजर पैसे पर पड़ी और उसने दुकानदार का ध्यान बंटते ही पैसे चोरी कर अपने पर्स में डाल लिए। यह पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। घटना चार दिन पुरानी बताई जा रही है, जिसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। दरअसल, झांसी के सीपरी बाजार थाना क्षेत्र के बाजार में भोला मोबाइल शॉप एंड गिफ्ट सेंटर है। यहां एक महिला अपनी बच्ची को लेकर मोबाइल फोन का चार्जर लेने पहुंची थी। दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन ने उसे चार्जर दिखाया तो महिला ने दूसरे और चार्जर दिखाने की मांग की। इस पर युवक ने उसे चार्जर दिखाना शुरू कर दिया। इसी बीच महिला ग्राहक की नजर कांच के काउंटर के अंदर रखे पांच हजार रुपए पर पड़ी। यहीं से महिला ने प्लान बनाना शुरू कर दिया। पहले वह चार्जर परखने का नाटक करती रही, फिर इसके बाद दुकानदार से कोई दूसरा और अच्छा चार्जर दिखाने की बात कहने लगी। इस पर दुकानदार अंदर की तरफ रखे दूसरे चार्जर उठाने के लिए काउंटर छोड़कर चला गया।

## मथुरा में ट्रेन इंजन में फंसकर मोर की मौत

**मथुरा।** मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर मंगलवार सुबह कोटा-पटना एक्सप्रेस के इंजन में फंसने से राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत हो गई। यह घटना प्लेटफार्म संख्या चार पर हुई, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवान मौके पर पहुंचे। रेलवे कंट्रोल रूम से आरपीएफ को सूचना मिली थी कि कोटा-पटना एक्सप्रेस के इंजन में एक मोर फंसा हुआ है। सूचना पर आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम तत्काल प्लेटफार्म नंबर चार पर पहुंची।

# एंटी करप्शन टीम की बड़ी कार्रवाई : रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े गए रिश्वतखोर जेई और लाइनमैन

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने सख्त कार्रवाई करते हुए बिजली विभाग के नंदगंज परिक्षेत्र में तैनात एक अवर अभियंता (जेई) और एक संविदा सहायक लाइनमैन को ?8000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई से पूरे विद्युत विभाग में हड़कंप मच गया है और कर्मचारियों में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक नारी पचदेवरा निवासी धर्मेंद्र यादव ने एंटी करप्शन विभाग से शिकायत की थी कि विद्युत संबंधी कार्य के लिए उनसे रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत की प्राथमिक जांच के बाद एंटी करप्शन टीम वाराणसी के निरीक्षक के नेतृत्व में जाल बिछाया गया। तय योजना के अनुसार टीम ने कुसमी कला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए नंदगंज विद्युत पावर हाउस पर तैनात अवर अभियंता इंद्रजीत कुमार और संविदा सहायक लाइनमैन प्रमोद यादव को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया।

मौके पर ही दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया। इसके बाद एंटी करप्शन टीम ने दोनों को गाजीपुर पुलिस के हवाले कर दिया। टीम द्वारा संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने के लिए पुलिस को लिखित तहरीर भी सौंपी गई है।

इस कार्रवाई के बाद जिले के विद्युत विभाग में खलबली मची हुई है। भ्रष्टाचार के खिलाफ हुई इस सख्त कार्रवाई से आम जनता में राहत की उम्मीद जगी है और सरकारी विभागों में जवाबदेही तय होने की संभावना बढ़ी है।

# एसपी मो0 मुश्ताक ने किया जाखौरा थाने का वार्षिक निरीक्षण



**ललितपुर ।** जाखौरा पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा थाना जखौरा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा सर्वप्रथम गार्द द्वारा सलामी ली गयी । सलामी गार्द का निरीक्षण कर गार्द में लगे अधिकारी/कर्म0गण का टर्न आउट को चेक किया गया ।तत्पश्चात सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालय, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क/ मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, ड्यूटी रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरे, मालखाना, बैरक, मैस आदि का गहनता से निरीक्षण किया गया तथा सम्पूर्ण थाना परिसर में साफ-सफाई एवं पर्याप्त रोशनी रखने हेतु निर्देशित किया गया ।

थाना कार्यालय के रजिस्टरों रजिस्टर नं0 8, एनसीआर रजिस्टर, रजिस्टर नं0 4, त्यौहार रजिस्टर, क्रियाशील अपराधी रजिस्टर, टॉप-10 रजिस्टर, भूमाफिया रजिस्टर, महिला उत्पीड़न रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान रजिस्टर आदि को चेक किया गया, जिनका रखरखाव संतोष जनक व अध्यावधिक पाया गया ।

फ्लाई शीट व H.S. रजिस्टर को चेक कर प्रभारी निरीक्षक थाना जखौरा को निर्देशित किया गया कि एच0एस0 की चेकिंग साप्ताहिक रूप से करके रजिस्टर में अंकित करें ताकि अपराध में प्रभावी नियंत्रण बनाया जा सके और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध समय-समय पर चेकिंग के पश्चात प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही की जाये । आई0जी0आर0एस0 रजिस्टर को चेक कर प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि IGRS शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना है। IGRS को गम्भीरता से लेकर लम्बित समस्त प्रकरणों का त्वरित एवं गुणवत्तापरक निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ।अपराध की रोकथाम व शान्ति व कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत पैदल गस्त, रात्रि गस्त कर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चैकिंग करने हेतु निर्देशित किया गया ।शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले कारकों के विरूद्ध गुण्डा, गैंगस्टर, हिस्ट्रीशीट खोलना, 110 जी की कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया ।

एसपी द्वारा मिशन शक्ति केन्द्र व महिला हेल्प डेस्क को चेक किया गया एवं आगन्तुक रजिस्टर को चेक कर थाने पर आने वाली महिला फरियादियों की सुनवाई हेतु निर्देशित किया गया तथा पूर्व वर्ष की कृत कार्यवाहियों को भी चेक किया गया ।

# नववर्ष के जश्न पर हुड़दंग मचाने वालों पर रहेगी खाकी की पैनी नजर

**पीलीभीत।** नववर्ष के मौके पर शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक इंतजाम किए हैं। 31 दिसंबर की शाम से एक जनवरी तक जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए करीब 200 से अधिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

एसपी अभिषेक यादव ने बताया कि नए साल के जश्न के दौरान पिकनिक स्पॉट, होटल, ढाबे, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे, सिनेमा घर और मुख्य बाजारों में पुलिस की विशेष निगरानी रहेगी। कुछ पुलिसकर्मी सादी वर्दी में भी तैनात किए जाएंगे, जो होटल, पार्क, शराब की दुकानों और पिकनिक स्थलों पर नजर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि शराब पीकर हुड़दंग करने वालों और शोहदों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। 31 दिसंबर की शाम छह बजे से रात दो बजे तक विशेष चेकिंग अभियान चलेगा। सभी सीओ, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी और डायल 112 की गाड़ियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन स्थानों पर तैनात रहेगा अतिरिक्त पुलिस बल

नौगवां चौराहा, आसाम चौराहा, डिग्री कॉलेज चौराहा, छतरी चौराहा, गौहनियां चौराहा, गैस चौराहा, नकटादाना चौराहा, रेलवे स्टेशन तिराहा, रोडवेज, सुनहरी मस्जिद चौराहा सहित शहर के सभी प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पिकेट लगाई गई हैं।

## अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 1800 लीटर लहन नष्ट, एक महिला गिरफ्तार



**ललितपुर।** पूरा कलां पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने भारी मात्रा में शराब बनाने के उपकरण, सौ लीटर कच्ची शराब आदि बरामद कर मौके पर 1800 लीटर लहन को नष्ट करते हुये एक महिला को गिरफ्तार किया है। पूराकला पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब/मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पूराकला पुलिस द्वारा पूराकला क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उगरपुर कबूतरा डेरा में दबिश के दौरान 100 लीटर नाजायज कच्ची शराब बरामद कर मौके पर करीब 1800 लीटर लहन नष्ट कर, 01 अभियुक्ता को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही गई । गिरफ्तार करने वाली टीम, क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक रमेशचन्द्र निरीक्षक सत्य प्रकाश उ.नि. मनीष कुमार शुक्ला चौकी प्रभारी नत्थीखेड़ा म. कां. गोमती आदि शामिल रहे।

## माई बार बवाल में अब मैनेजर पर केस

**बरेली।** क्रिसमस नाइट पर माई बार हेडक्वाटर रेस्टोरेंट में हुए बवाल ने आबकारी विभाग और पुलिस दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। युवती से अभद्रता और मारपीट के बाद पहले जहां सीधे युवकों की गिरफ्तारी हुई, वहीं अब मामला रेस्टोरेंट मैनेजमेंट तक पहुंच गया है। बारादरी थाना क्षेत्र की सेटेलाइट चौकी पर तैनात दरोगा महावीर सिंह ने माई बार के मैनेजर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराकर आबकारी विभाग को भी बैकफुट पर ला दिया है। दरोगा महावीर सिंह के मुताबिक 25 दिसंबर की रात क्रिसमस के मौके पर सेटेलाइट पीलीभीत बाईपास रोड स्थित माई बार हेडक्वाटर रेस्टोरेंट में तेज आवाज में डीजे बजाया जा रहा था।

# यातायात पुलिस ने अभियान चलाकर भारी वाहनों में लगाए गए रिफ्लेक्टिव टेप



**ललितपुर।** घने कोहरे के बीच बढ़ते सड़क हादसों को रोकने के लिए ललितपुर में यातायात पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर भारी वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से कोहरे आदि के दृष्टि गत दृश्यता बनाए रखने के उद्देश्य से बीघाखेत टोल प्लाजा पर व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप,चस्पा किए गए व सुरक्षित यात्रा हेतु लेन ड्राइविंग, हाई बीम, लो बीम के उचित प्रयोग के बारे में जागरूक किया गया। उक्त के अतिरिक्त यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा नववर्ष को दृष्टिगत रखते हुए शहर के एलाइट चौराहे पर ड्रिंक × ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाया गया व नशे के हालत में वाहन चलाते हुए पाए जाने पर 05 वाहनों का एम. वी . एक्ट की सुसंगत धाराओं में चालान किया गया।

# गहमर चर्चित तिहरे हत्याकांड में लापता तीसरे युवक का शव मिला

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** गहमर कोतवाली थाना क्षेत्र में बीते साल 24 दिसंबर की रात हुए चर्चित तिहरे हत्याकांड की पुष्टि हो गई है। इस मामले में लापता तीसरे युवक अंकित सिंह का शव भी उसी पोखरी से बरामद कर लिया गया है, जहां पहले उसके साथियों विक्की और सौरभ के शव मिले थे। यह घटना 24 दिसंबर की रात एक जन्मदिन की पार्टी से लौटते समय हुई थी। दो गुटों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया, जिसके बाद तीनों युवकों की हत्या कर उनके शवों को घटनास्थल के पास स्थित पोखरी में फेंक दिया गया था। पुलिस ने घटना के तुरंत बाद कार्रवाई करते हुए पोखरी से विक्की और सौरभ के शव बरामद कर लिए थे। हालांकि, अंकित पिछले पांच दिनों से लापता था। अंकित की मां लगातार गहमर थाने में अपने बेटे की तलाश की मांग कर रही थीं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, प्रशासन ने पोखरी में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें तैनात कीं, लेकिन शुरुआती प्रयासों में सफलता नहीं मिली। इसके बाद गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा स्वयं मौके पर पहुंचे। उनके निर्देश पर पोखरी की व्यापक तलाशी के लिए आधुनिक संसाधन लगाए गए। बिहार से जनरेटर मंगवाकर लगभग 10 बीघा में फैली पोखरी का पानी निकलवाया गया और ड्रोन से स्कैनिंग भी कराई गई।

## दो पक्षों के बीच मारपीट वीडियो वायरल

**आजमगढ़।** आज़मगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव में भूमि व घर विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट और घर में डंडे से तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। यह घटना चार दिन पूर्व की बताई जा रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस इस मामले में वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर तथा पीड़िता की तहरीर पर 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्जकर कार्यवाही में जुट गई है। आजमगढ़ जिले के कप्तानगंज थाना क्षेत्र में खालिसपुर गांव निवासी सुमन तिवारी ने पुलिस को तहरीर दिया कि बीते 26 दिसंबर को दिन में जमीन विवाद को लेकर उनके पट्टीदार रणविजय तिवारी, विपिन तिवारी, दुर्गावती तिवारी, ममता, सिखा और काव्या ने मिलकर उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यू जर्सी में दो हेलिकॉप्टर हवा में टकराए; एक पायलट की मौत, दूसरा गंभीर

**न्यू जर्सी, एजेंसी।** अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित हैमॉन्टन में रविवार को दो हेलिकॉप्टर हवा में टकरा गए। हादसे में एक पायलट की मौत हो गई, जबकि दूसरे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टर में सिर्फ पायलट ही सवार थे। हैमॉन्टन पुलिस ने बताया कि सुबह करीब 11:25 बजे हेलिकॉप्टर हादसे की सूचना मिली। मौके से सामने आए वीडियो में एक हेलिकॉप्टर तेजी से गोल-गोल घूमते हुए जमीन की ओर गिरता दिखा। टक्कर के बाद एक हेलिकॉप्टर में आग लग गई, जिसे पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने बुझाया। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) के अनुसार, यह टक्कर हैमॉन्टन म्यूनिसिपल एयरपोर्ट के ऊपर हुई। इसमें एनस्ट्रॉम एफ-28ए और एनस्ट्रॉम 280 सी मॉडल के हेलिकॉप्टर शामिल थे। एक पायलट की मौके पर मौत हो गई, जबकि दूसरे को जानलेवा चोटों के साथ अस्पताल ले जाया गया। एफएए और नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड (एनटीएसबी) हादसे की जांच करेंगे। पूर्व एफएए और एनटीएसबी जांचकर्ता एलन डील के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह देखा जाएगा कि दोनों पायलटों के बीच कोई संचार हुआ था या नहीं और क्या वे एक-दूसरे को देख पा रहे थे।

### महिला प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी पर बढ़ा बवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में महिला प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी को लेकर मानवाधिकार संकट गहराने के आरोप लगे हैं। मंझू शोरी इलाके में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रही महिलाओं पर पुलिस कार्रवाई की बलूचिस्तान बार काउंसिल ने कड़ी निंदा की है। रिपोर्ट के अनुसार महिलाएं लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान की मांग कर रही थीं। बार काउंसिल ने इसे पाकिस्तान के संविधान, कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार मानकों का उल्लंघन बताया।

### बांग्लादेश में हिंदू श्रमिक की हत्या की अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने की निंदा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** भारतवंशी अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने बांग्लादेश के एक कपड़ा कारखाने में काम करने वाले हिंदू श्रमिक की हत्या की निंदा की। उन्होंने वैश्विक समुदाय से ऐसे घृणित कृत्यों के खिलाफ आवाज उठाने का आग्रह किया। खन्ना ने सोशल मीडिया पर शनिवार को एक पोस्ट में दास की हत्या को भयानक घटना बताया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्य व सांसद खन्ना ने कहा, मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उसके मित्रों और परिवार के साथ हैं।

### सूरीनाम में 5 बच्चों सहित 9 लोगों की चाकू मारकर हत्या

**परमारिबो , एजेंसी।** सूरीनाम की राजधानी परमारिबो के बाहरी इलाके में 9 लोगों की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में 5 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले लोग हमलावर के बच्चे और पड़ोसी थे। सूरीनाम पुलिस ने बताया कि हमलावर ने मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों पर भी हमला करने की कोशिश की। हालांकि, हमलावर के पैर में गोली मारकर उसे काबू में किया गया। आरोपी फिलहाल अस्पताल में भर्ती है और इलाज चल रहा है। सूरीनाम दक्षिण अमेरिका का एक छोटा सा देश है जो महाद्वीप के उत्तरी तट पर स्थित है। इसकी सीमा गुयाना, ब्राजील और फ्रेंच गुयाना से लगती है। इसकी आबादी 6 लाख से अधिक है। 1975 में नीदरलैंड से आजादी मिलने के बाद से सूरीनाम को कई बार तख्तापलट और एक गृहयुद्ध का सामना करना पड़ा है।

### ह्यूस्टन में तीन शव मिलने के बाद सीरियल किलर की अफवाह फैली, लोग डरे; दलदली जगह से मिल रही लाशें

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के ह्यूस्टन के बफेलो बायू इलाके में इस सप्ताह तीन शव बरामद किए गए हैं, जिसके बाद से ह्यूस्टन में सीरियल किलर की अफवाह फैल गई है और स्थानीय लोग डरे हुए और परेशान हैं। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ह्यूस्टन में सीरियल किलर की अफवाह तेजी से सोशल मीडिया पर फैल रही है। हालांकि जांच अधिकारी इससे इनकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सीरियल किलर की अफवाह का कोई आधार नहीं है। गौरतलब है कि ह्यूस्टन में शव मिलने की घटनाएं पहली बार नहीं हुई हैं बल्कि इस साल सितंबर में भी ह्यूस्टन की दलदली भूमि से पांच शव निकाले गए थे। उसके बाद भी इलाके में सीरियल किलर की अफवाह ने जोर पकड़ा था। स्थानीय मीडिया के अनुसार, पिछले साल ह्यूस्टन के स्थानीय जलमार्गों से 35 शव बरामद किए गए थे और इस साल अब तक 34 शव मिल चुके हैं। ह्यूस्टन के लोगों का कहना है कि इतनी संख्या में शव मिल रहे हैं तो कोई तो है, जो लोगों को मार रहा है। वहीं जांच एजेंसियों का कहना है कि एक जगह पर शव मिलना ही अपराध का संकेत नहीं है।

# नए साल में खत्म हो जाएगा रूस-यूक्रेन युद्ध? डोनाल्ड ट्रंप बोले- 95 फीसदी मुद्दों पर बन गई है बात

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को कहा कि हम यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के साथ यूक्रेन में चल रहे युद्ध को खत्म करने के लिए समझौते के काफी करीब पहुंच गए हैं। हालांकि, पूर्वी यूक्रेन के विवादित डोनबास क्षेत्र का भविष्य अभी भी एक बड़ा अनसुलझा मुद्दा बना हुआ है। दोनों नेताओं ने फ्लोरिडा स्थित ट्रम्प के मार-ए-लागो रिसॉर्ट में रविवार को 3 घंटे लंबी बैठक की। ट्रम्प और जेलेंस्की ने यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी और डोनबास क्षेत्र के बंटवारे पर प्रगति होने की बात कही, लेकिन कोई ठोस जानकारी नहीं दी और न ही समझौते की कोई समय सीमा बताई। ट्रम्प ने कहा कि कुछ मुद्दों पर बातचीत अभी बाकी है। कुछ हफ्तों में यह पता चल जाएगा कि बातचीत सफल होगी या नहीं। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी पर समझौता हो गया है। वहीं, ट्रम्प ने कहा कि इस पर 95% सहमति बन चुकी है और यूरोपीय देश इस प्रयास का बड़ा हिस्सा संभालेंगे, जिसमें अमेरिका का समर्थन होगा। तीन घंटे तक यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की संग चली वार्ता के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों युद्धविराम के बहुत करीब पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि अब एक या दो ही गंभीर मुद्दे बचे हैं। वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि यह वार्ता बहुत ही सकारात्मक थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी फोन पर बात हुई और ऐसा लगता है कि हम समझौते के बहुत करीब हैं।



**रूस ने कहा, डोनबास छोड़ दो :** ट्रंप ने कहा कि सुरक्षा की गारंटी को लेकर 95 फीसदी के करीब सहमति बन गई है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस ने यूक्रेन से डोनबास इलाके को छोड़ने को कहा है। बाकी कुछ मुद्दे अभी बाकी रह गए हैं। यह बातचीत अमेरिका के फ्लोरिडा में डोनाल्ड ट्रंप के मार ए लागो रिजॉर्ट में हुई थी।

**जेलेंस्की ने क्या कहा :** डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ऐसा लग रहा है कि यह वार्ता सफलता के करीब है। जेलेंस्की ने भी इस मीटिंग को सकारात्मक बताया और कहा कि दोनों पक्षों में भरोसा बढ़ा है। जेलेंस्की ने कहा की गारंटी को लेकर पूरी तरह से सहमति बन गई है। वहीं ट्रंप ने कहा कि इस मुद्दे पर 95 फीसदी सहमति बनी है। इसमें यूरोपीय देशों की बड़ी भूमिका होगी औरअमेरिका उनका समर्थन करेगा।

**किन बातों पर नहीं बनी सहमति :** दोनों नेताओं ने कहा कि डोनबास को लेकर अभी कोई सहमित नहीं बनी है। यूक्रेन चाहता है कि रूस यहां से अपनी सेना को हटा ले। वहीं रूस डोनबास इलाके पर कब्जे का दावा कररहा है। यह मुद्दा गंभीर है। यूक्रेन का कहना है कि जनता की सहमति से ही वह कोई फैसला करेगा। ऐसे में डोनबास में जनमत संग्रह करवाया जा सकता है।

बता दें कि जेलेंस्की से बातचीत से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रंप ने पुतिन को फोन घुमाया था। रूस ने कहा कि यह केवल दोस्ताना बातचीत थी। रूस ने कहा कि यूरोप और यूक्रेन की तरफ से जो 60 दिनों को युद्धविराम का प्रस्ताव आया है, उसे लंबा भी किया जा सकता है। डोनबास पर जल्द फैसला करने की जरूरत है। बता दें कि हाल ही में रूस ने राजधानी और अन्य इलाकों पर मिसाइल हमले किए हैं। इससे कीव के एनर्जी संयंत्र प्रभावित हुए हैं। यूक्रेन जाने को भी तैयार डोनाल्ड ट्रंप डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगर उनकी यूक्रेन यात्रा से युद्ध खत्म होता है तो वह इस दौरे के लिए तैयार हैं। वह यूक्रेन की संसद को भी संबोधित करेंगे। बता दें कि जेलेंस्की ने उन्हें यूक्रेन आने के लिए आमंत्रित किया है।

**ट्रम्प बोले- मैंने 8 जंग रुकवाए, रूस-यूक्रेन जंग सबसे मुश्किल :** ट्रम्प ने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित अपने रिसॉर्ट 'मार-ए-लागो' में जेलेंस्की का स्वागत किया। युद्ध मामले पर चर्चा से पहले, दोनों नेताओं ने रिसॉर्ट के बाहर पत्रकारों से बात की। ट्रम्प ने कहा- मैंने आठ युद्ध खत्म करवाए हैं, लेकिन रूस-यूक्रेन जंग सबसे मुश्किल है। हम बातचीत के अंतिम दौर में हैं। देखते हैं क्या होता है। या तो युद्ध खत्म हो जाएगा या बहुत लंबे समय तक चलता रहेगा और लाखों लोग मारे जाएंगे। ट्रम्प ने कहा- युद्ध कब रुकेगा, इसकी कोई तय समय सीमा नहीं है। मैं रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करूंगा। बहुत से लोग मारे गए हैं और दोनों राष्ट्रपति अब समझौता करना चाहते हैं।

**जेलेंस्की संग मीटिंग से पहले ट्रम्प ने पुतिन से बात की :** ट्रम्प ने जेलेंस्की के साथ मीटिंग से ठीक पहले पुतिन से फोन पर बातचीत की थी। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा- आज दोपहर 1 बजे यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ बैठक से पहले, मेरी रूस के राष्ट्रपति पुतिन के साथ फोन पर अच्छी और बहुत ही सार्थक बातचीत हुई। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने पुतिन से दो घंटे से ज्यादा बात की।

ट्रम्प ने कहा कि रूसी नेता ने यूक्रेन की पुनर्निर्माण में मदद करने, सस्ती ऊर्जा सप्लाई करने का वादा किया। ट्रम्प ने कहा, 'रूस यूक्रेन को सफल होते देखना चाहता है, यह थोड़ा अजीब लगता है।' इस दौरान जेलेंस्की मुस्कुराते रहे। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की से मुलाकात के बाद वे फिर पुतिन से बात करेंगे। ट्रम्प और जेलेंस्की के साथ बैठक में रूस शामिल नहीं होगा।

## दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति वर्षों बाद राष्ट्रपति भवन पहुंचे, ऐतिहासिक ब्लू हाउस में शिफ्ट हुए



**सियोल, एजेंसी।** दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग सोमवार को आधिकारिक राष्ट्रपति भवन चोंग वा डे पहुंचे, जून में राष्ट्रपति पद संभालने के बाद यह ली जे म्युंग का पहला राष्ट्रपति भवन का दौरा था। यह राष्ट्रपति भवन बीते तीन वर्षों से खाली पड़ा है क्योंकि पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल ने राष्ट्रपति भवन को रक्षा मंत्रालय परिसर में स्थानांतरित कर दिया था।

**ऐतिहासिक है दक्षिण कोरिया का ब्लू हाउस :** दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास की इमारत बेहद ऐतिहासिक है और इसे ब्लू हाउस कहा जाता है। 9 मई 2022 के बाद पहली बार कोई दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति ब्लू हाउस गया है। 9 मई 2022 को तत्कालीन राष्ट्रपति मून जे इन के कार्यकाल का आखिरी दिन था। उनके बाद राष्ट्रपति बने यून सुक योल ने राष्ट्रपति भवन को रक्षा मंत्रालय की इमारत में शिफ्ट कर दिया था। दिसंबर 2024 में यून सुक योल पर देश में मार्शल लॉ लगाने का आरोप लगा और उन्हें सत्ता से बेदखल कर दिया गया। उसके बाद हुए चुनाव में ली जे म्युंग ने सत्ता संभाली।

**यून सुक योल ने रक्षा मंत्रालय में शिफ्ट कर दिया था राष्ट्रपति भवन :** ब्लू हाउस उत्तरी सियोल में शहर की भागदौड़ से दूर एक पहाड़ी के निचले इलाके में बना है। 62 एकड़ में फैली ये ऐतिहासिक इमारत ऐतिहासिक जियोंगबोकगुंग महल के पास स्थित है और दक्षिण कोरिया के जापान के शासन से आजाद होने के बाद से ही राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास रहा है। हालांकि यून सुक योल का मानना था कि राष्ट्रपति भवन लोगों की पहुंच से दूर है और ज्यादा लोकतांत्रिक होने का हवाला देते हुए रक्षा मंत्रालय परिसर में राष्ट्रपति भवन को स्थानांतरित कर दिया। इस काम में भारी-भरकम रकम खर्च हुई, जिसे लेकर यून की आलोचना भी हुई थी। यून ने ब्लू हाउस को संग्रहालय में तब्दील कर दिया और इसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया था।

## सीरिया में सांप्रदायिक दंगा, 4 की मौत, दर्जनों घायल; मस्जिद में धमाके के दो दिन बाद झड़प

**दमिश्क, एजेंसी।** सीरिया में रविवार को अलावी समुदाय के प्रदर्शनकारियों और विरोधी प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों घायल हो गए। स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, ये झड़पें होम्स शहर में एक मस्जिद पर हुए बम विस्फोट के दो दिन बाद हुईं, जिसमें 8 लोग मारे गए थे और 18 घायल हुए थे। हजारों की संख्या में अलावी प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे, वे अलावी समुदाय के खिलाफ हो रही हत्याओं, गिरफ्तारियों, नौकरियों से बर्खास्तगी और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठा रहे थे। कुछ प्रदर्शनकारियों ने संघीय व्यवस्था की मांग भी की। झड़पों के दौरान, लताकिया में सरकार समर्थक प्रदर्शनकारियों ने अलावी प्रदर्शनकारियों पर पत्थर फेंके। सुरक्षा बलों ने दोनों पक्षों को अलग करने की कोशिश की और हवा में गोलीबारी करके भीड़ को तितर-बितर किया। सरकारी टीवी के अनुसार, तर्तूस में किसी ने पुलिस स्टेशन पर हैंड ग्रेनेड फेंका, जिसमें सुरक्षा बलों के दो सदस्य घायल हो गए। लताकिया में सुरक्षा बलों की गाड़ियां आग के हवाले कर



दी गईं। सरकारी समाचार एजेंसी साना ने बताया कि गोलीबारी में एक सुरक्षा कर्मी की मौत हो गई और पत्थरों, चाकुओं और गोलीबारी से करीब 60 लोग घायल हुए, जिनमें नागरिक और सुरक्षा कर्मी दोनों शामिल हैं। सरकार ने हमले की निंदा की और दोषियों को सजा देने का वादा किया, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। बशर असद के दिसंबर 2024 में सत्ता से हटने के बाद से सीरिया में संप्रदायिक झड़पें बढ़ गई हैं। असद अलावी थे और तख्तापलट के बाद वे रूस भाग गए थे। मार्च 2025 में असद समर्थकों के हमले के बाद बदले की कार्रवाइयों में सैकड़ों अलावी मारे गए थे। असद के शासन में अलावी सेना और सरकारी नौकरियों में ज्यादा प्रतिनिधित्व रखते थे।

## घाना के युवक ने खुद को पैगंबर बताया:25 दिसंबर से प्रलय शुरू होने का दावा किया था

**एक्रॉ, एजेंसी।** अफ्रीकी देश घाना में 30 साल का एक युवक खुद को भगवान का भेजा हुआ पैगंबर बता रहा है। पहले उसने दावा किया था कि 25 दिसंबर से पूरी दुनिया में ऐसी भयानक बाढ़ आएगी कि धरती पानी में डूब जाएगी और तीन साल तक लगातार बारिश होगी।

यानी 25 दिसंबर से प्रलय की शुरुआत हो जाएगी, हालांकि अब वह कह रहा है कि उसकी प्रार्थना के बाद ईश्वर ने लोगों को और समय दे दिया है। इस युवक का नाम एबो नोआ है। सोशल मीडिया पर वह खुद को 'एबो जीसस' कहता है। इंस्टाग्राम पर उसके करीब 32 हजार फॉलोअर्स हैं। वायरल वीडियो में एबो नोआ कहता दिख रहा है कि उसे भगवान का संदेश मिला है कि बहुत जल्द लगातार बारिश शुरू होगी, जिससे पूरी धरती जलमग्न हो जाएगी और जैसे आज दुनिया चल



रही है, उसका अंत हो जाएगा।

**एबो नोआ का दावा- उसे 8 नाव बनाने का आदेश मिला :** एबो नोआ का कहना है कि भगवान ने उसे पहले से तैयारी करने को कहा है। इसी वजह से वह बड़ी-बड़ी लकड़ी की नावें, यानी आर्क बनवा रहा है। उसका दावा है कि ये नावें ही तबाही के समय लोगों को बचा पाएंगी। वह कहता है कि उसे कुल आठ नावें बनाने का आदेश मिला है। वीडियो में वह खुद एक बड़ी लकड़ी की नाव के पास खड़ा होकर उसके निर्माण की निगरानी करता नजर आता है। इस वीडियो के वायरल होते ही सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। कई लोग उसके दावे पर सवाल उठा रहे हैं। कुछ यूजर्स बाइबिल की किताब जेनेसिस का हवाला दे रहे हैं, जिसमें लिखा है कि भगवान ने इंद्रधनुष के जरिए वादा किया था कि वह धरती को दोबारा कभी पूरी बाढ़ से नष्ट नहीं करेंगे। इसी वजह से लोग एबो नोआ की बातों को सच मानने को तैयार नहीं हैं।

**अगस्त में भी धरती डूबने का दावा किया था :** एबो नोआ इससे पहले भी ऐसे दावे कर चुका है। अगस्त में भी उसने इसी तरह का दावा किया था। अब एबो नोआ कह रहा है कि भगवान ने हमारी प्रार्थना सुन ली है। उन्होंने हमें और वक्त दे दिया है, ताकि हम और नावें बना सकें। इस क्रिसमस का आनंद लीजिए। इस पूरे मामले से जुड़ी एक और अजीब घटना भी सामने आई है। खबर है कि एक शख्स ने गुस्से में आकर एक नाव को जला दिया। उसे लगा कि यही एबो नोआ की नाव है। बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी और परिवार वाले बाढ़ की अफवाह सुनकर उस नाव के पास रहने चले गए थे। बाद में पता चला कि वह नाव एबो नोआ से जुड़ी ही नहीं थी। इसके बाद यह मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया।

# आम चुनाव से पहले दो प्रमुख मधेसी पार्टियां हुई एक संयुक्त बयान जारी कर जेएसपी-एलएसपी में विलय का एलान

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल में आगामी आम चुनावों से पहले दो प्रमुख मधेसी राजनीतिक दलों ने एकजुट होने का ऐलान किया है। 5 मार्च को प्रस्तावित आम चुनावों से पहले जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (एलएसपी) के विलय की घोषणा रविवार को हुई।

**संयुक्त बयान जारी कर विलय की घोषणा :** नेपाल में आम चुनावों से पहले दो प्रमुख मधेसी पार्टियों ने विलय करने की घोषणा की है। आम चुनाव अगले साल 5 मार्च को होने हैं। ऐसे में महंत ठाकुर के नेतृत्व वाली जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) और उपेंद्र यादव के नेतृत्व वाली लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी (एलएसपी) ने रविवार को एक संयुक्त बयान जारी कर विलय की घोषणा की है।

**दोनों दलों के अध्यक्षों के किया हस्ताक्षर :** दोनों दलों के नेताओं ने कहा कि देश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति का विश्लेषण करने और संघीय लोकतांत्रिक गणराज्य व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता को महसूस करते हुए यह फैसला लिया गया है। संयुक्त बयान में कहा गया, 'दोनों दलों के एकीकरण का फैसला संघीयता, पहचान, अनुपातिक प्रणाली पर आधारित समावेशिता और सामाजिक न्याय जैसे दूरदर्शी बदलावों से जुड़े मुद्दों को मजबूत कर एक न्यायपूर्ण समाज के निर्माण के उद्देश्य से लिया गया है। बयान पर दोनों दलों के अध्यक्षों के हस्ताक्षर हैं। साथ ही कहा गया है कि पार्टी एकीकरण से जुड़े आवश्यक विचार-विमर्श और प्रक्रियात्मक औपचारिकताओं को बाद में पूरा किया जाएगा।

**बालेन शाह बने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार :** इधर, काठमांडो महानगरपालिका के मेयर बलेंद्र शाह, जिन्हें लोकप्रिय रूप से बालेन के नाम से जाना जाता है, उनको रविवार को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार नामित किया गया है, उन्होंने और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने 5 मार्च को होने वाले नेपाल चुनावों में संयुक्त रूप से चुनाव लड़ने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के अनुसार बालेन और उनका समूह चुनाव आयोग की ओर से दिए गए आरएसपी के चुनाव चिन्ह 'घंटी' पर चुनाव लड़ेगा। बालेन की ओर से अपनी टीम का आरएसपी में विलय करने पर सहमति जताने के बाद पार्टी का नाम, झंडा और चुनाव चिन्ह अपरिवर्तित रहेंगे।

## मेक्सिको में ट्रेन पटरी से उतरी, इंजन पलटा:13 की मौत, 98 घायल




**ओअक्साका, एजेंसी।** मेक्सिको के दक्षिणी राज्य ओअक्साका में एक ट्रेन के पटरी से उतर गई, जिसके बाद ट्रेन का इंजन पलट गया। कई बोगियां भी पलट गईं। इसमें 13 लोगों की मौत हो गई और 98 लोग घायल हो गए हैं। यह ट्रेन मैक्सिको की खाड़ी और प्रशांत महासागर को जोड़ने वाले एक नए रेलमार्ग पर चल रही थी। इस रेलवे लाइन का संचालन मैक्सिकन नौसेना करती है। मेक्सिकन नौसेना के अनुसार, ट्रेन में 250 लोगों सवार थे, जिसमें 9 क्रू मेंबर शामिल थे। हादसा चिवेला और निजांडा कस्बों के बीच एक मोड़ पर हुआ। घायलों में से 36 को अस्पताल में इलाज दिया जा रहा है। राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाउम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि पांच घायल गंभीर हालत में हैं। उन्होंने सीनियर अधिकारियों को मौके पर भेजकर मृतकों के परिवारों की मदद करने के निर्देश दिए हैं।

**सरकारी एजेंसियां घायलों की मदद के लिए पहुंचे :** ओअक्साका राज्य के गवर्नर सलोमोन जारा ने एक्स पर पोस्ट करके बताया कि कई सरकारी एजेंसियां हादसे की जगह पर पहुंच गई हैं और घायलों की मदद कर रही हैं। मेक्सिको की अटॉर्नी जनरल अर्नेस्टिना गोदॉय रामोस ने भी सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि इस घटना की जांच शुरू कर दी गई है। यह ट्रेन प्रशांत महासागर के सालिना क्रूज बंदरगाह से अटलांटिक महासागर तक लगभग 290 किलोमीटर की दूरी तय करती है।

**रेल लाइन का उद्घाटन 2023 में हुआ था :** यह इंटरोशियनिक ट्रेन सेवा 2023 में तत्कालीन राष्ट्रपति एंद्रेस मैनुअल लोपेज ओब्राडोर ने शुरू की गई थी। यह मेक्सिको के दक्षिणी हिस्से में रेल यात्रा को बढ़ावा देने और तेहुआंतेपेक इस्त्मस क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास का हिस्सा है। सरकार का योजना इस क्षेत्र को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए रणनीतिक कॉरिडोर बनाने की है, जहां बंदरगाहों और रेल लाइनों से दोनों महासागरों को जोड़ा जा सके। इस हादसे से रेल सेवा प्रभावित हुई है और बचाव कार्य जारी हैं।

# उत्तर कोरिया ने फिर दिखाया हथियारों का दम, लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल का किया परीक्षण

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन किया है। इसके तहत उत्तर कोरिया ने समुद्र में लंबी दूरी की रणनीतिक क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया है। यह परीक्षण देश की परमाणु ताकत को परखने के लिए किया गया। यह कदम ऐसे समय उठा है, जब उत्तर कोरिया अपनी पहली परमाणु पनडुब्बी के निर्माण में तेजी दिखा रहा है, जिससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है। उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए (चष्ट्ह) के अनुसार, ये मिसाइल परीक्षण रविवार को देश के पश्चिमी तट के पास किए गए।

जब ये परीक्षण किया गया तब वहां खुद उत्तर कोरिया के नेता नेता किम जोंग उन मौजूद थे। उन्होंने इस परीक्षण को लेकर कहा कि देश की परमाणु ताकत की विश्वसनीयता को जांचना और अपनी सैन्य क्षमता दिखाना, बाहरी खतरों के सामने आत्मरक्षा और युद्ध रोकने का जिम्मेदार कदम है।

**उत्तर कोरियाई सेना ने की पुष्टि :** दूसरी ओर, दक्षिण कोरिया की सेना ने भी पुष्टि की कि रविवार सुबह उत्तर कोरिया की राजधानी क्षेत्र से कई क्रूज मिसाइलें दागी गईं। दक्षिण कोरिया ने कहा कि वह अमेरिका के साथ अपने सैन्य गठबंधन के तहत किसी भी उत्तर कोरियाई उकसावे का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**अब समझिए क्या है कानूनी स्थिति :** वहीं बात अगर अब अंतरराष्ट्रीय कानून की स्थिति की करें, तो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने उत्तर कोरिया को बैलिस्टिक मिसाइल दागने से रोक रखा है। हालांकि, क्रूज मिसाइल के परीक्षण पर सीधी रोक नहीं है। फिर भी, ये मिसाइलें अमेरिका और दक्षिण कोरिया के लिए खतरनाक मानी जाती हैं, क्योंकि ये कम ऊंचाई पर उड़ती हैं, आसानी से दिशा बदल सकती हैं और रडार



से बच निकलती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि युद्ध की स्थिति में उत्तर कोरिया इनका इस्तेमाल अमेरिकी युद्धपोतों और विमानवाहक जहाजों पर हमला करने के लिए कर सकता है।

**हाल की अन्य गतिविधियां :** बता दें कि पिछले हफ्ते उत्तर कोरिया ने नई एंटी-एयर मिसाइलों का परीक्षण किया। साथ ही, उसने एक परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी की तस्वीरें जारी कीं, जिसका ढांचा लगभग पूरा दिखा। ऐसे में उत्तर कोरिया ने संकेत दिया है कि इस पनडुब्बी में परमाणु मिसाइलें तैनात की जा सकती हैं। परमाणु पनडुब्बी उन कई आधुनिक हथियार प्रणालियों में से एक है, जिन्हें किम जोंग उन अमेरिका के नेतृत्व वाले सुरक्षा खतरों से निपटने के लिए लाना चाहते हैं।

**रूस से नजदीकी का असर :** वहीं मामले में कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि हाल के महीनों में रूस के साथ उत्तर कोरिया की नजदीकी, जिसमें यूक्रेन युद्ध में रूस को सैनिक और सैन्य उपकरण भेजना शामिल है, के बदले उत्तर कोरिया को महत्वपूर्ण तकनीक मिल सकती है। ऐसे में विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि अगले साल होने वाले वर्कर्स पार्टी कांग्रेस से पहले उत्तर कोरिया अपने हथियारों के और प्रदर्शन कर सकता है।

**अमेरिकी वार्ता से किम जोंग के प्रस्ताव तक, जानिए :** गौरतलब है कि 2019 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ परमाणु वार्ता विफल होने के बाद से उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम पर और ज्यादा जोर दिया है। हालांकि, सितंबर में किम जोंग उन ने संकेत दिया था कि अगर अमेरिका उत्तर कोरिया के पूर्ण परमाणु निरस्त्रीकरण की मांग छोड़ दे, तो बातचीत फिर शुरू हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि किम अपनी बढ़ी हुई परमाणु ताकत को संभावित वार्ताओं में दबाव बनाने के हथियार के रूप में देख रहे हैं।

# शेफाली वर्मा की आईसीसी टी20आई रैंकिंग में बड़ी छलांग, टॉप-6 में हुई एंट्री



**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्टार बल्लेबाज शेफाली वर्मा को मंगलवार को आईसीसी द्वारा जारी नवीनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण बढ़ावा मिला है, क्योंकि वह छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू मैदान पर चल रही पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन के बाद, दाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में चार पायदान ऊपर चढ़कर छठा स्थान हासिल किया है।

21 वर्षीय वर्मा श्रीलंका के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी हैं। चार मैचों में, भारतीय सलामी बल्लेबाज ने 118 के आश्चर्यजनक औसत से 236 रन बनाए हैं, जिसमें तीन अर्धशतक शामिल हैं। वर्मा इस टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 200 रन का आंकड़ा पार करने वाली एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनकी साथी खिलाड़ी और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष भी सात पायदान ऊपर चढ़कर अद्यतन सूची में संयुक्त रूप से 20वें स्थान पर पहुंच गईं। यह उपलब्धि उन्होंने तिरुवनंतपुरम में श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में खेली गई नाबाद 40 रन की पारी के बाद हासिल की।

ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी 794 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष पर बनी हुई हैं। वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज 774 रेटिंग अंकों के साथ उनके बाद दूसरे स्थान पर हैं। भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान 10,000 अंतरराष्ट्रीय रन का आंकड़ा पार किया, 767 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। आईसीसी महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय गेंदबाजी रैंकिंग में भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और स्पिनर श्री चरानी को सबसे ज्यादा फायदा हुआ है।

दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका, जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट लिए, आठ पायदान ऊपर चढ़कर गेंदबाजों की अद्यतन सूची में संयुक्त रूप से छठे स्थान पर पहुंच गईं। श्रीलंका के खिलाफ चल रही टी20 सीरीज में चार विकेट लेने वाली बाएं हाथ की स्पिनर चरानी गेंदबाजी रैंकिंग में 17 पायदान ऊपर चढ़कर 52वें स्थान पर पहुंच गई हैं। भारतीय ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा 738 की रेटिंग के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। इसके अलावा, अनुभवी ऑलराउंडर को महिला टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बनने के लिए श्रीलंका के खिलाफ आगामी पांचवें टी20 मैच में एक और विकेट की जरूरत है। फिलहाल, दीप्ति के नाम 151 विकेट हैं, जो ऑस्ट्रेलिया की मेगन शट के 151 विकेट के बराबर हैं।

# टेनिस जगत के नए 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' में किर्गियोस ने सबालेंका को हराया



**दुबई (एजेंसी)।** निक किर्गियोस ने टेनिस में 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' यानी दो अलग-अलग लिंग के खिलाड़ियों के बीच मुकाबले में महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका को 6-3, 6-3 से हराया। यह एक प्रदर्शनी मैच था जिसे लैंगिक समानता के लिए एक और ऐतिहासिक क्षण के बजाय हल्के फुल्के मनोरंजन के लिए याद किया जाएगा।

दोनों खिलाड़ी आपस में हंसी ठिठोली कर रहे थे। इस दौरान कुछ अंडर आर्म सर्विस भी देखने को मिली। यहां तक कि दुबई के 17,000 सीटों वाले कोकाकोला एरीना में दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टाइमआउट के दौरान सबालेंका का नृत्य भी देखने को मिला। इस मुकाबले के सबसे महंगे टिकट लगभग 800 डॉलर में बिके।

विंबलडन 2022 के उपविजेता किर्गियोस ने कलाई और घुटने की चोटों के कारण पिछले तीन वर्षों में केवल छह टूर-स्तरीय मैच खेले लेकिन वह कई बार अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हुए दिखाई दिए। उन्हें सबालेंका के कोर्ट के हिस्से के लगभग 10 प्रतिशत छोटे होने का नुकसान उठाना पड़ा लेकिन इसके बावजूद उन्होंने जीत दर्ज की। खिलाड़ियों को प्रत्येक प्वाइंट के लिए दो के बजाय केवल एक सर्विस करने का मौका दिया गया था। जब किर्गियोस ने अपने तीसरे मैच प्वाइंट पर जीत हासिल की तब तक वह पसीने से भीग चुके थे और दोनों खिलाड़ी नेट पर गले मिलते समय मुस्कुरा रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी किर्गियोस ने मैच के बाद कहा, 'मैं शुरू में थोड़ा नर्वस था लेकिन मुझे लगता है कि यह टेनिस के खेल के लिए एक शानदार कदम है।'

सबालेंका ने कहा, 'यह मैच अगले सत्र के लिए अच्छी तैयारी है। मुझे इसमें बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि अगली बार जब मैं उनके खिलाफ खेलूंगी तो मुझे उनकी रणनीति, उनकी ताकत और उनकी कमजोरियों के बारे में पता होगा और यह निश्चित रूप से एक बेहतर मुकाबला होगा।' तथाकथित 'बैटल ऑफ द सेक्सेस' नाम 1973 में बिली जीन किंग और बॉबी रिग्स के बीच हुए मैच से लिया गया था। किंग ने ह्यूस्टन एस्ट्रोडोम में खेले गए उस मुकाबले को सीधे सेटों में जीता था।

# पीसीबी ने अजहर महमूद से समय से पहले किया करार खत्म

**– पाकिस्तान टेस्ट टीम में बड़ा बदलाव**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला कर लिया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर महमूद का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन बोर्ड ने उससे पहले ही यह अहम कदम उठा लिया। गौर करने वाली बात यह है कि पाकिस्तान की टेस्ट टीम अपना अगला मुकाबला भी मार्च 2026 में ही खेलने वाली है, ऐसे में पीसीबी का यह फैसला कई सवाल खड़े करता है।

पीसीबी से जुड़े एक विश्वसनीय सूत्र के अनुसार, बोर्ड भविष्य की रणनीति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेना चाहता है। सूत्र ने बताया कि अजहर महमूद का अनुबंध भले ही मार्च 2026 में खत्म होना था, लेकिन पाकिस्तान के आगामी टेस्ट दौरे भी उसी समय से शुरू होंगे। ऐसे में बोर्ड पहले से नए मुख्य कोच की तलाश शुरू कर देना चाहता है, ताकि आगे की तैयारियों में किसी तरह की जल्दबाजी न करनी पड़े। अजहर महमूद को दो साल के करार पर नियुक्त किया गया था और उन्होंने पिछले साल ही टेस्ट टीम के मुख्य कोच की जिम्मेदारी संभाली थी।

सूत्रों का यह भी कहना है कि पीसीबी केवल मुख्य कोच ही नहीं, बल्कि टेस्ट टीम के सहायक कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव कर सकता है। बोर्ड चाहता है कि नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र से पहले टीम का पूरा ढांचा स्पष्ट और स्थिर हो। पाकिस्तान का अगला टेस्ट अभियान आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत मार्च 2026 में बांग्लादेश के दौरे से शुरू होगा। इसके बाद टीम जुलाई में वेस्टइंडीज और अगस्त-सितंबर में इंग्लैंड का दौरा करेगी। आगे चलकर पाकिस्तान नवंबर-दिसंबर 2026 में श्रीलंका और मार्च 2027 में न्यूजीलैंड की मेजबानी करेगा, जो टीम के लिए बेहद अहम सीरीज होंगी। 50 वर्षीय अजहर महमूद का अंतरराष्ट्रीय करियर काफी अनुभवपूर्ण रहा है। उन्होंने पाकिस्तान के लिए 21 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उनके नाम 900 रन और 39 विकेट दर्ज हैं। इसके अलावा उन्होंने 143 वनडे मैचों में 1521 रन बनाए और 123 विकेट हासिल किए। अजहर को इससे पहले आकिब जावेद की जगह राष्ट्रीय टेस्ट टीम का कोच बनाया गया था। अब उनके अचानक हटाए जाने के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि पीसीबी किस अनुभवी नाम पर भरोसा जताता है और क्या यह बदलाव पाकिस्तान की टेस्ट क्रिकेट की दिशा बदल पाएगा।

# अश्विन ने वरुण चक्रवर्ती और अभिषेक शर्मा को बताया साल का असली सितारा

**– मिलाजुला रहा भारत का 2025**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साल 2025 भारतीय क्रिकेट के लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। टीम इंडिया ने साल की शुरुआत शानदार अंदाज में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर की और इसके बाद एशिया कप पर भी कब्जा जमाया। टी20 फॉर्मेट में भारत का दबदबा कायम रहा और टीम पूरे साल कोई भी टी20 सीरीज नहीं हारी। हालांकि टेस्ट क्रिकेट में टीम का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सका। घरेलू मैदान पर साउथ अफ्रीका के खिलाफ 0-2 की हार ने फैंस को निराश किया, जबकि इंग्लैंड दौरे पर भारत ने कड़ी मेहनत के बाद टेस्ट सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराई। इस पूरे साल के प्रदर्शन को देखते हुए पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने दो ऐसे खिलाड़ियों के नाम बताए हैं, जिन्होंने 2025 में अपनी शानदार खेल से सबका ध्यान खींचा।

अश्विन ने मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को 2025 का भारत का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज करार दिया। अपने यूट्यूब चैनल पर उन्होंने कहा कि वरुण हर बार टीम के लिए एक्स-फैक्टर साबित हुए हैं। जब भी उन्हें मौका मिला, उन्होंने विकेट निकालकर मैच का रुख बदला। अश्विन के मुताबिक, विपक्षी बल्लेबाजों के लिए वरुण को पढ़ पाना बेहद मुश्किल रहा है और यही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने यह भी कहा कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप में भारत की संभावनाओं के लिहाज से वरुण चक्रवर्ती की भूमिका बेहद अहम होने वाली है। आंकड़े भी इस बात की गवाही देते हैं, क्योंकि वरुण ने चार वनडे मैचों में 10 विकेट और 20 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 36 विकेट लेकर खुद को व्हाइट-बॉल क्रिकेट का भरोसेमंद गेंदबाज साबित किया है।

अश्विन ने बल्लेबाजी में अभिषेक शर्मा की भी जमकर सराहना की। उन्होंने अभिषेक को भारत की अगली पीढ़ी का एक्स-फैक्टर खिलाड़ी बताया। अश्विन का मानना है कि 2025 में अगर किसी एक खिलाड़ी ने भारत के लिए सबसे ज्यादा प्रभावित किया है तो वह अभिषेक शर्मा हैं। लेफ्ट-हैंड ओपनर ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 मैचों में 42.95 की औसत और करीब 193 के स्ट्राइक रेट से 859 रन बनाए, जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी ने भारत को कई मुकाबलों में मजबूत शुरुआत दिलाई।

साल 2025 में एक दौर ऐसा भी आया जब विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों के करियर को लेकर सवाल उठने लगे थे। दोनों ही खिलाड़ी टेस्ट और टी20 से संन्यास ले चुके हैं, लेकिन साल के अंत तक उन्होंने दिखा दिया कि वनडे क्रिकेट में उनके पास अभी भी बहुत कुछ देने के लिए बाकी है। अश्विन ने कहा कि रोहित और विराट दोनों के भीतर 50 ओवर का वर्ल्ड कप जीतने की जबरदस्त भूख है और वे 2027 वर्ल्ड कप को लक्ष्य बनाकर पूरी मेहनत कर रहे हैं। उनके मुताबिक, फैंस को इन दिग्गजों के हर मैच का आनंद लेना चाहिए, क्योंकि उन्होंने भारतीय क्रिकेट के कई दौरों को नई पहचान दी है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में बुमराह, पंड्या को आराम दे सकता है भारत

मुम्बई । आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी में होने वाली एकदिवसीय सीरीज में आराम दिया जा सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार चयनकर्ता जनवरी की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम की घोषणा कर सकते हैं। इसमें फिटनेस, वर्कलोड मैनेजमेंट और बड़े टूर्नामेंटों को ध्यान में रखते हुए खिलाड़ियों को जगह दी जाएगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच एकदिवसीय मुकाबले बड़ौदा, राजकोट और इंदौर में खेले जाएंगे। इसके बाद दोनों टीमें पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेलेंगी, जो फरवरी 2026 में होने वाले आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप को देखते हुए अभ्यास को देखते हुए बेहद अहम रहेगी।

# गावस्कर ने आईसीसी की पिच रेटिंग प्रणाली पर सवाल उठाये



मुम्बई । भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पिच रेटिंग प्रणाली पर निशाना साधा है। गावस्कर ने कहा कि एशेज में मैच दो से तीन दिन में खत्म हो रहे हैं पर पिचों को लेकर आईसीसी ने कोई सख्त प्रतिक्रिया नहीं दी है। वहीं जब ऐसा भारत या अन्य एशियाई देशों में होता है तो पिचों को खराब करार दे दिया जाता है। गावस्कर ने कहा कि मेलबर्न क्रिकेट मैदान में खेला गया चौथा एशेज टेस्ट दो दिन में ही समाप्त हो गया था। इसमें पहले ही दिन कुल 20 विकेट गिर गए, जो ऑस्ट्रेलिया में किसी टेस्ट के पहले दिन गिरे विकेटों के हिसाब से सबसे अधिक था। वहीं दूसरे दिन भी 16 और विकेट गिरे, जिसके बाद मुकाबला दो दिन भी नहीं चल पाया। इसके बाद भी आईसीसी ने पिच को खराब नहीं बताया। गावस्कर ने पर्थ में खेले गए पहले एशेज टेस्ट का भी मामल उठाया और कहा कि उसमें भी मैच दो दिन के अंदर समाप्त हो गया था। तब भी आईसीसी ने कोई नकारात्मक प्रतिक्रिय नहीं दी। गावस्कर ने मैच रेफरी पर भी सवाल उठाये और कहा कि पर्थ टेस्ट में रंजन मदुगले के रहते पिच को काफी अच्छा कहा गया, जबकि मेलबर्न टेस्ट में नए मैच रेफरी जेफ क्रो होने के कारण उसी तरह की पिच को केवल अच्छा कहा गया जबकि दोनो ही मैच दो दिन ही चले। गावस्कर ने कहा कि दूसरी ओर अगर ऐसा ही कुछ भारतीय पिचों पर होता है तो क्यूरेटरों पर सवाल उठाये जाते हैं। गावस्कर ने कहा कि पर्थ और मेलबर्न की पिचों को कई पूर्व क्रिकेटरों ने भी खराब बताया था फिर भी आईसीसी ने कोई कठोर प्रतिक्रिया नहीं दी।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 की सेमीफाइनलिस्ट टीमों को लेकर हरभजन सिंह की भविष्यवाणी

**– कहा पाकिस्तान बाहर तो अफगानिस्तान अंतिम चार में शामिल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2026 के आयोजन में अभी समय बाकी है, लेकिन उससे पहले ही पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस बड़े टूर्नामेंट को लेकर अपनी भविष्यवाणी कर दी है। फरवरी 2026 में भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले इस 20 टीमों के टूर्नामेंट को लेकर भज्जी ने चार संभावित सेमीफाइनलिस्ट टीमों के नाम बताए हैं। खास बात यह है कि उनकी सूची में डिफेंडिंग चैंपियन भारत के साथ एक ऐसी टीम भी शामिल है, जिसने सबको चौंका दिया है। हरभजन ने पाकिस्तान को बाहर रखते हुए अफगानिस्तान को सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों में चुना है।

हरभजन सिंह की इस भविष्यवाणी में भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान को सेमीफाइनलिस्ट बताया गया है। पाकिस्तान को बाहर करने और अफगानिस्तान को आगे रखने का फैसला कई लोगों को हैरान कर सकता है, क्योंकि आईसीसी टी20 रैंकिंग में पाकिस्तान सातवें जबकि अफगानिस्तान दसवें स्थान पर है। हालांकि, हाल के वर्षों में अफगानिस्तान ने आईसीसी टूर्नामेंट्स में अपने प्रदर्शन से यह साबित किया है कि वह सीमित ओवरों के क्रिकेट में किसी भी बड़ी टीम को चुनौती दे सकता है। मजबूत स्पिन अटैक और निडर क्रिकेट उसकी पहचान बन चुकी है।

एक मीडिया से बातचीत में हरभजन सिंह ने भारत को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि टीम इंडिया के पास टी20 वर्ल्ड कप जीतने का शानदार मौका है, क्योंकि वह घरेलू परिस्थितियों में खेलेगी और बाकी टीमों की तुलना में हालात को बेहतर तरीके से समझती है। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि वर्ल्ड कप का दबाव हमेशा एक अलग चुनौती होता है और इसे संभालना सबसे अहम पहलू होगा। अगर भारतीय टीम इस दबाव को सही ढंग से झेल लेती है, तो उसका खिताब जीतना पूरी तरह संभव है।

टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास पर नजर डालें तो ऑस्ट्रेलिया ने 2021 में अपना पहला टी20 खिताब जीता था, जबकि भारत 2007 और 2024 में दो बार चैंपियन बन चुका है। साउथ अफ्रीका और अफगानिस्तान अभी भी अपने पहले टी20 वर्ल्ड कप खिताब की तलाश में हैं। साउथ अफ्रीका ने 2024 में पहली बार फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन उसे भारत के हाथों हार झेलनी पड़ी थी। हरभजन सिंह ने 2026 वर्ल्ड कप के लिए भारत के कुछ अहम खिलाड़ियों का भी जिक्र किया। उनके मुताबिक अभिषेक शर्मा, हार्दिक पांड्या, सूर्यकुमार यादव, जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह इस टूर्नामेंट में भारत की सफलता की कुंजी होंगे। अभिषेक शर्मा के लिए यह पहला टी20 वर्ल्ड कप होगा, जबकि बाकी चार खिलाड़ी 2024 में भारत को चैंपियन बनाने में निर्णायक भूमिका निभा चुके हैं।

# एशले गार्डनर का भरोसा, खिताब न होने के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ही दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम

नई दिल्ली । ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एशले गार्डनर का मानना है कि भले ही उनकी टीम इस समय टी20 या वनडे फॉर्मेट की मौजूदा चैंपियन न हो, लेकिन इसके बावजूद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम बनी हुई है। गार्डनर ने कहा कि हाल के आईसीसी टूर्नामेंट्स में मिली हार ने टीम पर एक ऐसा दबाव डाला है, जिसकी उसे आदत नहीं रही, लेकिन यही दबाव उन्हें और बेहतर बनने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि फरवरी में जब ऑस्ट्रेलिया घरेलू धरती पर भारत की मेजबानी करेगा, तो टीम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। गार्डनर ने हाल ही में एक बातचीत के दौरान कहा कि पिछले कुछ समय में ऑस्ट्रेलियाई टीम को अपेक्षा से ज्यादा दबाव झेलना पड़ा है। उन्होंने स्वीकार किया कि टी20 और वनडे विश्व कप में मिली हार आसान नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद उनका भरोसा अपनी टीम की ताकत पर कायम है। गार्डनर के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया अब भी ऐसी टीम है जो किसी भी हालात में मुकाबला पलटने की क्षमता रखती है और यही उसे बाकी टीमों से अलग बनाती है। ऑस्ट्रेलिया अगले साल फरवरी और मार्च में भारत की मेजबानी करेगा, जहां दोनों टीमों के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और एक टेस्ट मैच की सीरीज खेली जाएगी। गार्डनर ने कहा कि भारत इस दौरे पर पूरे आत्मविश्वास के साथ उतरेगा और ऐसा होना स्वाभाविक भी है, क्योंकि हाल के समय में भारतीय टीम ने बेहतरीन क्रिकेट खेली है। उन्होंने याद दिलाया कि विश्व कप से पहले की वनडे सीरीज में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को कड़ी चुनौती दी थी और फिर विश्व कप के सेमीफाइनल में भी भारत का पलड़ा भारी रहा था। गार्डनर ने माना कि घरेलू परिस्थितियों में खेलने का फायदा ऑस्ट्रेलिया को मिलेगा, लेकिन उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत को किसी भी तरह से कमतर आंकना बड़ी भूल होगी। उनके अनुसार, भारतीय टीम ऑस्ट्रेलियाई हालात को तेजी से समझने की कोशिश कर रही है, जबकि मेजबान टीम इन परिस्थितियों से बेहतर वाकिफ है। ऐसे में मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि पिछले 12 से 18 महीनों में ऑस्ट्रेलिया ने केवल दो मैच गंवाए हैं और दोनों ही सेमीफाइनल थे। गार्डनर के मुताबिक, यह आंकड़ा टीम की निरंतरता और मजबूती को दर्शाता है। हालांकि, 2024 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार अभी भी टीम के लिए एक सबक है, जिससे सीख लेकर ऑस्ट्रेलिया आगे और मजबूत होकर लौटना चाहता है।

# विजय हजारे ट्रॉफी में अमन खान का महंगा स्पेल बना चर्चा का विषय, सीएसके की बढ़ी चिंता

नई दिल्ली । इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीमों में शुमार चेन्नई सुपर किंग्स के खेमे में उस समय हलचल मच गई, जब विजय हजारे ट्रॉफी से जुड़ी एक चौंकाने वाली खबर सामने आई। पुडुचेरी के कप्तान अमन खान ने झारखंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में ऐसा रिकॉर्ड बना दिया, जिसे कोई भी गेंदबाज अपने नाम नहीं करना चाहेगा। 29 दिसंबर को खेले गए इस लिस्ट ए मैच में अमन खान ने अपने पूरे दस ओवर के स्पेल में 123 रन लुटा दिए, जो लिस्ट ए क्रिकेट के इतिहास का सबसे महंगा गेंदबाजी स्पेल साबित हुआ। अमन खान को आईपीएल 2026 की नीलामी में चेन्नई सुपर किंग्स ने 40 लाख रुपये में अपनी टीम में शामिल किया है। इससे पहले वह कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स जैसी टीमों का भी हिस्सा रह चुके हैं। ऐसे में उनके इस प्रदर्शन ने सीएसके मैनेजमेंट और फैंस दोनों को चिंता में डाल दिया है। विजय हजारे ट्रॉफी के इस मुकाबले में अमन ने न सिर्फ जमकर रन दिए, बल्कि दस ओवर पूरे करने के बावजूद सिर्फ एक ही विकेट हासिल कर सके। उन्होंने दो वाइड भी फेंकी, जिससे उनका स्पेल और ज्यादा महंगा नजर आया।

# फीफा वर्ल्ड कप 2026 का क्रेज शिखर पर, 15 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट से बना रिकॉर्ड

जेनेवा। फीफा ने सोमवार को बताया कि फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए अब तक 15 करोड़ से अधिक टिकट रिक्वेस्ट मिल चुकी हैं। यह आंकड़ा वर्ल्ड कप टिकटिंग के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है, जबकि रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ का मौजूदा चरण अभी आधा ही पूरा हुआ है।

**200 से ज्यादा देशों से फैंस की बाढ़–** फीफा के अनुसार, 11 दिसंबर को रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकटिंग फेज शुरू होने के बाद से 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों के फैंस ने fifa.com/tickets प्लेटफॉर्म पर भारी संख्या में आवेदन किए हैं। यह चरण 13 जनवरी 2026 को समाप्त होगा।

**30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन–** फीफा ने बताया कि 2026 वर्ल्ड कप के लिए हर टिकट आवेदन के साथ सबमिट किए गए वेरिफाइड व्यक्तिगत क्रेडिट कार्ड नंबरों के आधार पर 30 गुना से ज्यादा ओवरसब्सक्रिप्शन दर्ज किया गया है। दिलचस्प बात यह है कि यह मांग 1930 से अब तक खेले गए सभी 22 वर्ल्ड कप संस्करणों के 964 मैचों में मौजूद कुल दर्शकों की संख्या से 3.4 गुना अधिक है।

**इन्फेंटिनो बोले—दुनिया का सबसे बड़ा और समावेशी शो–**

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो ने कहा, 'फीफा वर्ल्ड कप 2026 दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे अधिक समावेशी आयोजन होगा। फैंस की यह जबरदस्त प्रतिक्रिया इस बात का प्रमाण है कि हमारा खेल दुनिया भर में कितना लोकप्रिय है। उत्तरी अमेरिका में हम इतिहास रचने जा रहे हैं, जहां एकता और बेहतरीन फुटबॉल के जश्न में पूरी दुनिया पहले से कहीं ज्यादा एक साथ आएगी।'

**तीन देशों में होगा आयोजन, 48 टीमें लेंगी हिस्सा–** फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आगाज 11 जून को होगा। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका के 16 शहरों में आयोजित किया जाएगा। 48 टीमें, कुल 104 मैच, फाइनल- 19 जुलाई।

# रोको का टेस्ट से संन्यास स्वाभाविक नहीं, उथप्पा के बयान से फिर गरमाई बहस

**- संन्यास को लेकर उठे सवाल आज भी नहीं थम रहे**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के दो सबसे बड़े सितारे रोहित शर्मा और विराट कोहली भले ही टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हों, लेकिन उनके संन्यास को लेकर उठे सवाल आज भी थमे नहीं हैं। टेस्ट से रिटायरमेंट के सात महीने बाद भी यह बहस जारी है कि क्या दोनों दिग्गजों ने अपनी मर्जी से यह फैसला लिया था या परिस्थितियों ने उन्हें इसके लिए मजबूर कर दिया। अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के बयान ने इस चर्चा को एक बार फिर हवा दे दी है। उथप्पा का मानना है कि विराट और रोहित का टेस्ट क्रिकेट से जाना किसी भी तरह से 'नेचुरल एग्जिट' यानी स्वाभाविक विदाई नहीं लगता। मई महीने में आईपीएल 2025 के दौरान रोहित शर्मा और विराट कोहली ने कुछ ही दिनों के अंतराल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। सबसे पहले रोहित शर्मा ने सोशल मीडिया के जरिए अपने फैसले की जानकारी दी थी। यह घोषणा ऐसे समय पर सामने आई थी, जब खबरें आ रही थीं कि इंग्लैंड दौरे से पहले बीसीसीआई के चयनकर्ता उन्हें टेस्ट कप्तानी से हटाने पर विचार कर रहे हैं। फैंस अभी रोहित के संन्यास के कारणों को समझने की कोशिश कर ही रहे थे कि विराट कोहली ने भी टेस्ट से रिटायरमेंट का ऐलान कर सभी को हैरान कर दिया।

विराट कोहली का फैसला इसलिए भी ज्यादा चौंकाने वाला माना गया क्योंकि वह इंग्लैंड दौरे की तैयारियों में जुटे हुए थे। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में शतक जड़ने के बाद उनका आत्मविश्वास ऊंचाई पर था और माना जा रहा था कि इंग्लैंड की परिस्थितियों में वह एक बार फिर बड़ी पारियां खेलना चाहते हैं। दिल्ली के रणजी कोच सरनदीप सिंह ने भी दावा किया था कि कोहली इंग्लैंड दौरे को लेकर बेहद उत्साहित थे और पूरी तैयारी कर रहे थे। रॉबिन उथप्पा ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस पूरे मामले पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि उन्हें यह फैसला किसी भी तरह से स्वाभाविक नहीं लगता। उथप्पा के मुताबिक, यह कहना मुश्किल है कि दोनों पर किसी तरह का दबाव था या नहीं, लेकिन यह साफ है कि यह 'नेचुरल एग्जिट' नहीं था। उनका मानना है कि असली सच्चाई तभी सामने आएगी, जब विराट और रोहित खुद सही समय पर इसे साझा करने का फैसला करेंगे।

उथप्पा ने यह भी कहा कि जब रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब उन्हें लगा था कि रोहित को कुछ समय का ब्रेक लेकर फिटनेस और मानसिक मजबूती पर काम करना चाहिए। उनके अनुसार, विराट और रोहित दोनों की आंखों में आज भी रन बनाने की भूख साफ नजर आती है। यही वजह है कि उनके अचानक लिए गए इस फैसले को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है और यह बहस शायद तब तक चलती रहेगी, जब तक दोनों दिग्गज खुद अपनी चुप्पी नहीं तोड़ते।

# आईआईटी कानपुर के 2000 बैच ने दिया 100 करोड़ का अभूतपूर्व दान

**कानपुर**

आईआईटी कानपुर के वर्ष 2000 बैच के पूर्व छात्रों ने सिल्वर जुबली पुनर्मिलन समारोह में संस्थान को 100 करोड़ रुपये की महा गुरुदक्षिणा देने की घोषणा की। यह पहली बार है कि किसी एक बैच ने एक ही वर्ष में इतना बड़ा योगदान दिया है। यह राशि मिलेनियम स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी एंड सोसाइटी की स्थापना के लिए उपयोग की जाएगी। संस्थान के निदेशक ने इसे पूर्व छात्रों और संस्थान के अटूट संबंध का प्रमाण बताया। उनका कहना है कि यह सहयोग शैक्षणिक और शोध परिदृश्य को मजबूत करेगा और तकनीकी विकास के नए रास्ते खोलेगा। पिछले वर्ष आईआईटी कानपुर को कुल 265.24 करोड़ रुपये मिले, जबकि मेडिकल साइंसेस एंड टेक्नोलॉजी स्कूल को लगभग 500 करोड़ रुपये का दान मिला। अन्य संस्थानों में भी योगदान बढ़ रहा है आईआईटी बीएचयू को 5 वर्षों में 100 करोड़ रुपये, और एमएनएनआईटी प्रयागराज में स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर निर्माण के




लिए दान। पूर्व छात्रों द्वारा सहयोग की यह लहर सिर्फ कानपुर तक सीमित नहीं है। इसी साल 21 दिसंबर को आईआईटी कानपुर के 1986 बैच ने मानसिक स्वास्थ्य और सामुदायिक सुविधाओं के लिए 11 करोड़ रुपये दिए। इसके अलावा आईआईटी बीएचयू को पिछले पांच वर्षों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का दान मिला है, जिससे लाइब्रेरी और शोध केंद्र जैसे प्रोजेक्ट्स बन रहे हैं। वहीं एमएनएनआईटी प्रयागराज में 1998 बैच के सहयोग से अत्याधुनिक स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का निर्माण हो रहा है।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की पे-डे सेल, ट्रेन के खर्चे में करें हवाई सफर

**सेल केवल 1 जनवरी 2026 तक चलेगी**

**नई दिल्ली ।**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 2026 के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित 'पे-डे सेल' शुरू कर दी है। यह सेल केवल 1 जनवरी 2026 तक चलेगी। घरेलू उड़ानों की बुकिंग 12 जनवरी से 10 अक्टूबर 2026 तक की यात्रा के लिए की जा सकती है, जबकि अंतरराष्ट्रीय टिकट 12 जनवरी से 31 अक्टूबर 2026 तक के लिए उपलब्ध हैं। इससे यात्री अपनी गर्मियों या छुट्टियों की यात्रा की योजना पहले से बना सकते हैं। घरेलू उड़ानों के लिए शुरुआती किराया केवल 1,950 रुपए रखा गया है। प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि के लिए रियायती टिकट उपलब्ध हैं। अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर टिकट की शुरुआती कीमत 5,355 रुपए है, जिसमें मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के लोकप्रिय गंतव्य जैसे दुबई, मस्कट और सिंगापुर शामिल हैं। लाइट ट्रैवलर्स के लिए बिना चेक-इन बैग वाले टिकट का किराया घरेलू रूट पर 1,850 रुपए और अंतरराष्ट्रीय रूट पर 5,355 रुपए से शुरू हो रहा है। जरूरत पड़ने पर 15 किलो घरेलू बैग 1,500 रुपए और 20 किलो अंतरराष्ट्रीय बैग 2,500 रुपए में जोड़ा जा सकता है। मोबाइल ऐप से बुकिंग करने पर जीरो कंवीनियंस फीस का लाभ मिलता है, जिससे टिकट पर 300-500 रुपये तक की बचत होती है। लॉयल्टी मेंबर्स के लिए बिज़नेस क्लास में 25 फीसदी तक की छूट भी दी जा रही है। इसके अलावा यात्री बाय नाउ, पे लेटर या ईएमआई विकल्प से टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं।

# एयर इंडिया एक्सप्रेस की पे-डे सेल, ट्रेन के खर्चे में करें हवाई सफर




**सेल केवल 1 जनवरी 2026 तक चलेगी**

**नई दिल्ली**

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 2026 के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित 'पे-डे सेल' शुरू कर दी है। यह सेल केवल 1 जनवरी 2026 तक चलेगी। घरेलू उड़ानों की बुकिंग 12 जनवरी से 10 अक्टूबर 2026 तक की यात्रा के लिए की जा सकती है, जबकि अंतरराष्ट्रीय टिकट 12 जनवरी से 31 अक्टूबर 2026 तक के लिए उपलब्ध हैं। इससे यात्री अपनी गर्मियों या छुट्टियों की यात्रा की योजना पहले से बना सकते हैं। घरेलू उड़ानों के लिए शुरुआती किराया केवल 1,950 रुपए रखा गया है। प्रमुख शहरों जैसे दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और कोच्चि के लिए रियायती टिकट उपलब्ध हैं। अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर टिकट की शुरुआती कीमत 5,355 रुपए है, जिसमें मध्य-पूर्व और दक्षिण-पूर्व एशिया के लोकप्रिय गंतव्य जैसे दुबई, मस्कट और सिंगापुर शामिल हैं। लाइट ट्रैवलर्स के लिए बिना चेक-इन बैग वाले टिकट का किराया घरेलू रूट पर 1,850 रुपए और अंतरराष्ट्रीय रूट पर 5,355 रुपए से शुरू हो रहा है। जरूरत पड़ने पर 15 किलो घरेलू बैग 1,500 रुपए और 20 किलो अंतरराष्ट्रीय बैग 2,500 रुपए में जोड़ा जा सकता है। मोबाइल ऐप से बुकिंग करने पर जीरो कंवीनियंस फीस का लाभ मिलता है, जिससे टिकट पर 300-500 रुपये तक की बचत होती है। लॉयल्टी मेंबर्स के लिए बिज़नेस क्लास में 25 फीसदी तक की छूट भी दी जा रही है। इसके अलावा यात्री बाय नाउ, पे लेटर या ईएमआई विकल्प से टिकट आसानी से बुक कर सकते हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया ट्रेड डील से मिलेगी राहत, 1 जनवरी से टैरिफ खत्म

**भारतीय उत्पाद ऑस्ट्रेलिया में बिना किसी कस्टम ड्यूटी के बेचे जा सकेंगे**




**मुंबई** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौते (ईसीटीए) के तहत 1 जनवरी 2026 से ऑस्ट्रेलिया अपनी सभी टैरिफ लाइनों पर ड्यूटी पूरी तरह खत्म करेगा। इसका मतलब है कि भारतीय उत्पाद ऑस्ट्रेलिया में बिना किसी कस्टम ड्यूटी के बेचे जा सकेंगे। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि इससे भारत के श्रम-आधारित सेक्टर के लिए नए अवसर खुलेंगे और निर्यात को नई गति मिलेगी। मंत्री के अनुसार मैन्युफैक्चरिंग, केमिकल्स, टेक्सटाइल्स, प्लास्टिक्स, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम उत्पाद और जेम्स एंड ज्वेलरी जैसे सेक्टर्स इससे खास फायदा उठाएंगे। अप्रैल-नवंबर 2025 में जेम्स और ज्वेलरी के निर्यात में 16 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में ऑस्ट्रेलिया को भारत का निर्यात 8 फीसदी बढ़ा, जिससे व्यापार संतुलन में सुधार हुआ। मंत्री गोयल ने कहा कि बीते तीन वर्षों में ईसीटीए से निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हुई और सप्लाई चेन मजबूत हुई, जिससे एमएसएमई, किसान और श्रमिक सीधे लाभान्वित हुए। भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक तनाव के चलते 27 अगस्त 2025 से भारतीय निर्यात पर अमेरिका ने 50 फीसदी टैरिफ लगा दिया है। ऐसे समय में ऑस्ट्रेलिया के साथ यह समझौता भारतीय निर्यातकों के लिए नई संभावनाओं का रास्ता खोलता है और निर्यात बाजारों में विविधता बढ़ाता है।

# चीनी उद्योग को स्वास्थ्य चेतावनी से खतरा, पाटिल ने जताई चिंता

**- चीनी की मांग और आपूर्ति में उत्पन्न हो रहा है असंतुलन**

**पुणे ।** राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल महासंघ (एनएफसीएसएफ) के चेयरमैन हर्षवर्धन पाटिल ने चीनी को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताने की बढ़ती धारणा पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उनका कहना है कि यदि यह सोच व्यापक रूप से फैलती है, तो इससे पूरे चीनी उद्योग को गंभीर नुकसान हो सकता है। पाटिल ने कहा कि उद्योग की लगभग 90 प्रतिशत आय सीधे चीनी की बिक्री से आती है, जबकि उप-उत्पादों से मात्र 10-15 प्रतिशत आय होती है। ऐसे में मांग में गिरावट पूरी प्रणाली के लिए चुनौतीपूर्ण साबित हो सकती है। कुछ इलाकों में चीनी को सिगरेट पैकेट जैसी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक चेतावनी के रूप में पेश किया जा रहा है। वैश्विक स्तर पर चीनी-आधारित पेय पदार्थों की खपत में गिरावट देखी जा रही है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बताया कि उपभोक्ता अब तेजी से जीरो शुगर और डाइट विकल्पों की ओर बढ़ रहे हैं। पाटिल ने स्वीकार किया कि स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ने के बावजूद चीनी उत्पादन



लगातार बढ़ रहा है, जिससे मांग और आपूर्ति में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है। यह स्थिति मिलों, किसानों और श्रमिकों तीनों के लिए चिंता का विषय है।

## ओला इलेक्ट्रिक की रोडस्टर एक्स प्लस को मिला सरकारी प्रमाणन

**नई दिल्ली** ओला इलेक्ट्रिक की नई मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स प्लस (9.1 किलोवाट-घंटे) को केंद्रीय मोटर वाहन नियम (सीएमवीआर), 1989 के तहत सरकारी प्रमाणन मिल गया है। इसे इंटरनेशनल



सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) मानेसर ने मंजूरी दी है। कंपनी ने बताया कि प्रमाणन के बाद अब रोडस्टर एक्स प्लस की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। यह मोटरसाइकिल भारत में प्रमाणित होने वाली पहली इलेक्ट्रिक वाहन है, जिसमें पूरी तरह से ओला द्वारा विकसित 4680 भारत सेल बैटरी पैक का इस्तेमाल हुआ है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा कि यह उपलब्धि भारत में इलेक्ट्रिक वाहन तकनीक के संपूर्ण निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कंपनी का लक्ष्य है कि भारत में उच्च तकनीकी और विश्वसनीय इलेक्ट्रिक वाहनों का निर्माण बढ़ाया जाए।

## भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत, लेकिन गैर-बैंक प्रतिस्पर्धा बढ़ने की चुनौती- आरबीआई

**वित्त वर्ष 2024-25 में वाणिज्यिक बैंकों की लाभप्रदता मजबूत रही**




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2024-25 के अनुसार भारत का बैंकिंग क्षेत्र मजबूत स्थिति में है। फंसा हुआ कर्ज 10 साल के निचले स्तर पर पहुंच गया है और बैंकों की पूंजी भी पर्याप्त बनी हुई है। वित्त वर्ष 2024-25 में वाणिज्यिक बैंकों की लाभप्रदता मजबूत रही, जिसमें परिसंपत्ति पर रिटर्न 1.4 फीसदी और इक्विटी पर रिटर्न 13.5 फीसदी रहा। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में परिसंपत्ति पर रिटर्न 1.3 फीसदी और इक्विटी पर रिटर्न 12.5 फीसदी रही। रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकों को अब गैर-बैंक स्रोतों से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। ऋण वृद्धि जमा वृद्धि से अधिक होने की वजह से ऋण-जमा अनुपात 80 फीसदी से ऊपर पहुंच गया है। साथ ही, तेजी से बदलती तकनीक और डिजिटलीकरण ग्राहकों के बैंकिंग व्यवहार को बदल रहे हैं। आरबीआई ने बैंकों से साइबर खतरों सहित नए जोखिमों का आकलन मजबूत करने और भरोसेमंद तकनीक अपनाकर परिचालन कुशलता बढ़ाने का आग्रह किया है। रिपोर्ट में वित्तीय समावेशन, उपभोक्ता शिक्षा और सुरक्षा पर निरंतर जोर देने की आवश्यकता भी बताई गई है। शिक्षा ऋण और होम लोन की परिसंपत्ति गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जबकि कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, क्रेडिट कार्ड और वाहन ऋण की परिसंपत्ति गुणवत्ता कमजोर रही। बिना रेहन वाले ऋण में विदेशी बैंकों का हिस्सा सबसे अधिक बना रहा। एनबीएफसी ने भी अच्छा प्रदर्शन किया।

## भारत के सौर ऊर्जा उत्पादन ने 2025 में नए आयाम छुए

**- सौर ऊर्जा के तेज़ विकास ने देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में अग्रणी बनाया**



**मुंबई ।** भारत के सौर ऊर्जा उत्पादन ने 2025 में नए आयाम छुए। 2020-21 में 5.6 गीगावॉट की सालाना सौर क्षमता 2024-25 में बढ़कर 23.8 गीगावॉट हो गई। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर) में ही 27.2 गीगावॉट की नई क्षमता जुड़ चुकी है। नीति निर्माता और उद्योग विशेषज्ञ इसे प्रौद्योगिकी नवाचार और सरकारी पहल का परिणाम मानते हैं। सौर ऊर्जा के इस तेज़ विकास ने देश को स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में अग्रणी बनाने में मदद की है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा के समग्र क्षेत्र में चुनौतियां भी दिखाई दीं। 2025 में आवंटित कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता घटकर केवल 5.8 गीगावॉट रह गई, जबकि पिछले साल यह लगभग 40 गीगावॉट थी। मुख्य कारण बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) द्वारा पावर पर्चेज़ एग्रीमेंट में देरी है। चूंकि नवीकरणीय परियोजनाएं शुरू होने में 2-3 साल लेती हैं, इस सुस्ती का असर 2028 में दिख सकता है। विशेषज्ञ मानते हैं कि सौर ऊर्जा अभी चरम पर नहीं पहुंची है। बाजार के जानकार के अनुसार पिछले वित्त वर्ष में 29.5 गीगावॉट की नवीकरणीय क्षमता बढ़ी, जिसमें सौर ऊर्जा का मुख्य योगदान रहा। भारत ने इस क्षेत्र में ताप और कोयला संयंत्रों के पुराने उच्चतम स्तर को पार कर लिया है। 2025 का साल भारत के ऊर्जा क्षेत्र के लिए मिला-जुला साबित हुआ। एक ओर सौर ऊर्जा की सफलता ने उम्मीद जगाई, वहीं डिस्कॉम की देरी और नवीकरणीय परियोजनाओं में सुस्ती ने गंभीर सवाल खड़े किए। यह वर्ष ऊर्जा सुरक्षा और स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्य दोनों के लिए निर्णायक रहा।

## सरकार एलपीजी सब्सिडी फॉर्मूले में बदलाव पर कर रही है विचार

**नए फॉर्मूले में अमेरिकी बेंचमार्क प्राइस और शिपिंग लागत को शामिल करने का प्रस्ताव**

**नई दिल्ली**

केंद्र सरकार घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की सब्सिडी के फॉर्मूले में बदलाव करने पर विचार कर रही है। फिलहाल सब्सिडी सऊदी कॉन्ट्रैक्ट प्राइस (सीपी) पर आधारित होती है। सरकार तय करती है कि घरेलू बाजार में सिलेंडर की कीमत कितनी होगी, और बाजार मूल्य से कम कीमत पर होने वाले नुकसान की भरपाई सब्सिडी से की जाती है। सरकारी तेल कंपनियों आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने अमेरिका से सालाना 2.2 मिलियन मीट्रिक टन एलपीजी का टर्म कॉन्ट्रैक्ट किया है। यह भारत के कुल आयात का करीब 10 फीसदी है। इससे पहले अमेरिका से खरीद मुख्य रूप से स्पॉट मार्केट के जरिए होती थी। अमेरिका से एलपीजी का शिपिंग खर्च सऊदी अरब की तुलना में



चार गुना अधिक है। नए फॉर्मूले में अमेरिकी बेंचमार्क प्राइस और शिपिंग लागत को शामिल करने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य एलपीजी की वास्तविक लागत को घरेलू कीमतों में सही तरीके से दर्शाना है। दिल्ली में 14.2 किलो वाले घरेलू सिलेंडर की कीमत 853 रुपए है, जिसमें उज्ज्वला योजना के तहत 300 रुपए की सब्सिडी शामिल है। 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 1580.50 रुपए है।

# बैंकिंग शेयरों में तेजी, भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद

**मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार के कारोबारी सत्र में सपाट बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 20.46 अंक की गिरावट के साथ 84,675.08 और निफ्टी 3.25 अंक की कमजोरी के साथ 25,938.85 पर था। जहां मंगलवार को बाजार को संभालने का काम बैंकिंग शेयरों ने किया। निफ्टी बैंक 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 59,171.25 पर बंद हुआ। इसके अलावा ऑटो, पीएसयू बैंक और मेटल शेयरों में तेजी दिखाई दी।

दूसरी ओर आईटी, फार्मा, एफएमसीजी, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स गिरकर बंद हुए। स्मॉलकैप और मिडकैप भी हल्की गिरावट के साथ कारोबार हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 0.15 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,914.25 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 0.28 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,518.95 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स पैक में टाटा स्टील, एमएंडएम, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारतीय एयरटेल, एसबीआई, एलएंडटी, मारुति सुजुकी, अदाणी पोर्ट्स और सन फार्मा टॉप खिलाड़ी थे। इटरनल (जोमैटो), इंडिगो, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एचसीएल टेक, आईटीसी, टाइटन और ट्रेंट कमजोर खिलाड़ी साबित हुए थे। व्यापक बाजार में कमजोरी बनी हुई है। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,918 शेयर हरे निशान में, 2,260 शेयर लाल निशान में और 169 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए हैं।

बाजार के जानकारों के मुताबिक घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव जारी है।



सकारात्मक वैश्विक माहौल होने के बाद भी कुछ चुनिंदा सेक्टर में ही खरीदारी हो रही है। एफआईआई की लगातार बिकवाली के कारण बाजार पर दबाव बना हुआ है। आने वाले समय में बाजार एक सीमित दायरे में कारोबार कर सकता है। इसकी मुख्य वजह भारत-अमेरिका के बीच व्यापारिक वार्ता के नतीजे में देरी और तीसरी तिमाही के नतीजों का इंतजार है।

भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी। शुरुआती कारोबारी सत्र में खबर लिखने तक 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 136 अंक की गिरावट के साथ 84,559.40 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। जबकि एनएसई निफ्टी 48.90 अंक गिरकर 25,893.20 पर था

# भारत में महंगाई में नरमी, आरबीआई मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण में बदलाव की तैयारी में

**खाद्य कीमतों में गिरावट और जीएसटी कटौती से महंगाई नियंत्रित**

**नई दिल्ली**

भारत में इस वर्ष खुदरा महंगाई स्थिर बनी रही और भारतीय रिजर्व बैंक के सहज दायरे के भीतर रही। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी और सरकार द्वारा करीब 400 वस्तुओं एवं सेवाओं पर जीएसटी की दरों में कटौती के कारण कीमतों का दबाव कम हुआ। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति भी साल भर घटती रही, विशेषकर खाद्य और ईंधन क्षेत्रों में। सीपीआई आधारित खाद्य महंगाई का देश में लगभग 48 प्रतिशत योगदान है। जनवरी में यह करीब छह प्रतिशत पर थी, लेकिन जून तक शून्य से नीचे आ गई। नवंबर में खाद्य महंगाई -3.91 प्रतिशत रही, जो दर्शाता है कि खाद्य कीमतों में गिरावट जारी रही। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित कुल मुद्रास्फीति नवंबर 2024 से घटती रही और जून 2025 तक आरबीआई के सहज दायरे में बनी रही। सरकार फरवरी 2026 तक नई सीपीआई श्रृंखला जारी करने की तैयारी कर रही है। नई श्रृंखला में कवरेज, मदों की सूची, भार और कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार होंगे। इसका उद्देश्य मुद्रास्फीति आंकड़ों की सटीकता, विश्वसनीयता और प्रतिनिधित्व क्षमता बढ़ाना है। ऋद्ध भी मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण ढांचे में संभावित बदलाव पर विचार कर रहा है। आरबीआई के गवर्नर के अनुसार 2026-27 की पहली छमाही में मुद्रास्फीति चार प्रतिशत के करीब रहने का अनुमान है। क्रिसिल और अन्य




विशेषज्ञों का कहना है कि बेस इफेक्ट के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में सीपीआई मुद्रास्फीति बढ़कर लगभग पांच प्रतिशत हो सकती है, जबकि ब्याज दरें 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रहने की संभावना है। आरबीआई की अगली द्विमासिक मौद्रिक नीति बैठक 4 से 6 फरवरी 2026 के बीच होने वाली है।

## एयर और वाटर प्यूरीफायर 15 फीसदी तक हो सकते हैं सस्ते

**जीएसटी काउं सिल की बैठक में हो सकता है फैसला**

**नई दिल्ली**

सूत्रों के अनुसार जीएसटी काउंसिल अपनी अगली बैठक में एयर और वाटर प्यूरीफायर पर 18 फीसदी जीएसटी घटाकर 5 फीसदी करने पर विचार कर सकती है। इससे इन उत्पादों को आवश्यक वस्तुओं की श्रेणी में शामिल करने की संभावना भी है। उद्योग का अनुमान है कि कीमतों में 10–15 फीसदी तक कमी आएगी, जिससे कम आय वाले परिवारों के लिए साफ हवा और सुरक्षित पानी तक पहुंच आसान होगी। दिल्ली हाईकोर्ट ने 24 दिसंबर को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि जीएसटी घटाने पर विचार के लिए काउंसिल की बैठक जल्द बुलाई जाए। अदालत ने वर्चुअल बैठक की संभावना भी सुझाई। इस पर राजनीतिक दबाव भी बढ़ा है; पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कई उद्योग संगठनों ने कटौती की मांग की। जीएसटी में किसी बदलाव के लिए राज्यों के वित्त मंत्रियों की सहमति जरूरी होगी। संसदीय स्थायी समिति ने भी रिपोर्ट में सिफारिश की है कि स्वच्छ हवा और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने वाले उत्पादों पर जीएसटी घटाया या समाप्त किया जाए।



# डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनी श्रेया शर्मा, धैर्य और विश्वास के बल पर मस्ती 4 में बनाई जगह

**डेंटल सर्जन से अभिनेत्री बनने तक श्रेया शर्मा का सफ़र किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। हरियाणा के एक मेडिकल परिवार से निकलकर उन्होंने अपने सुरक्षित करियर को छोड़ अभिनय के सपने को चुना। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के मुंबई आकर श्रेया शर्मा ने संघर्ष, ऑडिशन और अस्वीकृतियों का सामना किया। मेहनत, धैर्य और अपने सपनों पर अटूट विश्वास के बल पर उन्होंने मस्ती 4 जैसी बड़ी फिल्म में अपनी जगह बनाई।**

**कितने ऑडिशन दिए और किसी प्रोजेक्ट को करने से पहले कितनी बार रिजेक्ट हुई?**
जब मैं पहली बार मुंबई पहुंची, तो सबसे बड़ी दिक्कत ये थी कि आखिर रहूं कहां। घर ढूंढने में ही एक महीना लग गया। फिर तीन महीने बाद मैंने काम की तलाश शुरू की। मेरा मेडिकल बैकग्राउंड था, इसलिए इंडस्ट्री के बारे में उतना आइडिया नहीं था। मैंने एक लिस्ट बना ली थी कि इंडस्ट्री में किन–किन लोगों से मुझे मिलना है। मैंने अपना एक अच्छा–सा पोर्टफोलियो भी तैयार किया, ताकि ये दिखा सकूं कि मैं किस तरह के काम करना चाहती हूं। मैंने काफी सारे वर्कशॉप्स भी किए हैं। मैं एक वुमन आर्मी हूं और इंडस्ट्री में मैंने थोड़ा लेट कदम रखा है, लेकिन मुझे एक्टिंग से प्यार है और वो मुकाम मैं जरूर हासिल करूंगी।

**मस्ती 4 फिल्म कैसे मिली आपको? कितना पापड़ बेलना पड़ा इस फिल्म को हासिल करने के लिए?**
मैंने एक फिल्म की शूटिंग खत्म की थी। उस फिल्म के बाद मैं एक प्रोड्यूसर के ज़रिए मिलान मिलाप जावेरी सर से मिली। उस वक्त मस्ती 4 के ऑडिशन चल रहे थे। मैंने अपनी फिल्म के किरदार 'आंचल' नाम की लड़की के लिए ऑडिशन दिया। जब मिलाप सर मुझे उस किरदार के बारे में बता रहे थे कि वो लड़की अपने हसबैंड का फोन चेक करती है, लोकेशन मंगवाती है, तो मैंने उनसे कहा कि सर, मैं तो रियल लाइफ में भी ऐसी ही हूं। ऑडिशन देने के बाद मैंने बहुत लंबा इंतज़ार किया और डेली कॉल करके पूछा करती थी। मैं किसी भी हाल में ये फिल्म करना चाहती थी, क्योंकि इसी फिल्म से मुझे इंडस्ट्री में ब्रेक मिलता। और कौन नहीं चाहता है आफताब शिवदासानी, विवेक ओबेरॉय, रितेश देशमुख और अरशद वारसी जैसे एक्टर्स के अपोजिट काम करना, मेरे लिए ये एक बहुत बड़ी ऑपर्च्युनिटी थी।



# शरारत मेरे लिए सपने सच होने जैसा

सुपरहिट फिल्म धुरंधर इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हर दिन शानदार कमाई कर रही है। एक तरफ जहां लोगों को इसकी कहानी पसंद आ रही है, तो वहीं इसके एक चर्चित गाने शरारत को भी काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में टीवी की मशहूर एक्ट्रेस क्रिस्टल डिसूजा ने अपने शानदार डांस और स्टाइलिश अंदाज से दर्शकों का दिल जीत लिया है। शरारत में उनके डांस मूव्स को न सिर्फ पसंद किया जा रहा है, बल्कि सोशल मीडिया पर भी यह गाना जमकर वायरल हो रहा है। इस गाने में उनके साथ बिग बॉस 17 फेम आयशा खान भी नजर आई और दोनों की केमिस्ट्री को दर्शक खूब सराह रहे हैं। आईएएनएस से बातचीत के दौरान क्रिस्टल डिसूजा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, ﬁशरारत जैसे गाने के जरिए धुरंधर जैसी बड़ी फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए किसी सपने के सच होने जैसा है। जब मुझे इस गाने का ऑफर मिला, तब मेरे लिए गाने से ज्यादा फिल्म की स्टारकास्ट मायने रखती थीं, क्योंकि इसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल, सारा अर्जुन और राकेश बेदी जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं। ऐसे बड़े नामों के साथ जुड़ना ही मेरे लिए बहुत बड़ी बात थी।

क्रिस्टल ने बताया, जब मैंने गाने की शूटिंग शुरू की, तब मुझे इसका कोई अंदाजा नहीं था कि शरारत गाने को कितना फुटेज मिलेगा, कितनी स्क्रीन टाइम होगी, या यह गाना कितना पॉपुलर होगा। मैंने बिना किसी उम्मीद के इस प्रोजेक्ट को हां किया था, क्योंकि मैं बस इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती थी। आज जब यह गाना दुनियाभर में पसंद किया जा रहा है, तो यह देखकर बेहद खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने बताया कि इस गाने की शूटिंग महज तीन दिनों में पूरी की गई थी, लेकिन मेहनत और एनर्जी पूरी टीम ने भरपूर लगाई।

जब उनसे कोरियोग्राफर विजय गांगुली के एक इंटरव्यू के बयान को लेकर पूछा गया, जिसमें उन्होंने बताया कि इस गाने के लिए उन्होंने सबसे पहला नाम तमन्ना भाटिया का दिया था, तो इस सवाल पर क्रिस्टल ने बेहद सादगी के साथ जवाब देते हुए कहा, तमन्ना बेहद खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस हैं और उनका अंदाज सबसे अलग है। लेकिन मेरा मानना है कि जो चीज आपकी किस्मत में होती है, वही आपको मिलती है। यह गाना मेरी और आयशा खान की किस्मत में लिखा था और इसलिए यह हमें मिला।




# किच्चा सुदीप ने कैमियो कल्चर पर निकाली भड़ास



साउथ एक्टर किच्चा सुदीप की फिल्म मार्क 25 दिसंबर, 2025 को क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसमें उन्होंने अजय मार्कंडेय का किरदार निभाया है, जो सस्पेंडेड पुलिस ऑफिस है। अब इस मूवी को जहां क्रिटिक्स का पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिला है। वहीं, एक्टर ने एक इंटरव्यू में कैमियो को लेकर कुछ विवादित कह दिया है। एक इंटरव्यू में किच्चा सुदीप ने कहा कि एक्टर के तौर पर उन्होंने दूसरी भाषाओं की फिल्मों में कैमियो रोल किया है लेकिन एक्टर्स साउथ की फिल्मों में एक्ट करने नहीं आ रहे हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने कुछ कलाकारों को पर्सलनी भी कहा था। उनसे गुजारिश की थी लेकिन कुछ नहीं हुआ।

## किच्चा सुदीप ने दूसरी इंडस्ट्रीज पर निकली भड़ास

एक्टर ने कहा, हम दूसरी भाषाओं की फिल्मों में कैमियो रोल कर रहे हैं, लेकिन कलाकार हमारी फिल्मों में आकर अभिनय नहीं कर रहे हैं। मैंने कुछ आर्टिस्ट्स से व्यक्तिगत रूप से अनुरोध भी किया, लेकिन बात नहीं बनी। यह दोनों पक्षों के सहयोग से होना चाहिए, लेकिन मुझे अभी ऐसा होता नहीं दिख रहा है। यहां तक कि शिवराजकुमार सर ने भी जेलर में अभिनय किया था, जिससे ये साफ दिखता है कि दूसरी इंडस्ट्रीज के बीच आपसी सहयोग कैसा होना चाहिए।

## किच्चा सुदीप ने फ्री में की थी दबंग 3

पैसे से ज्यादा दोस्ती को अहमियत देने की बात करते हुए एक्टर ने दबंग 3 के बारे में कहा, मैंने दूसरी भाषाओं में फिल्में दोस्ती के लिए कीं, पैसे के लिए नहीं। मैंने दबंग 3 में इसलिए काम किया क्योंकि सलमान भाई ने मुझसे खुद गुजारिश की थी, और मैंने इसके लिए कोई फीस नहीं ली। मैंने पुली भी थलपति विजय की वजह से की। वो कभी किसी के बारे में बुरा नहीं बोलते, और मुझे ये बात अच्छी लगती है। लेकिन नानी की स्क्रिप्ट ऐसी थी, जिसने मुझे सच में इम्प्रेस किया।



# सलमान की फिल्म से क्लैश नहीं करेगी आलिया की फिल्म, अल्फा की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई




आलिया भट्ट और सलमान खान की फिल्मों के बीच होने वाली बॉक्स ऑफिस टक्कर अब नहीं होगी। यह टक्कर अगले साल अप्रैल के महीने में होने वाली थी। आलिया की आने वाली फिल्म अल्फा की रिलीज तारीख बदल दी गई है। यह फिल्म पहले 17 अप्रैल 2026 को सिनेमाघरों में आने वाली थी। अब मेकर्स नई रिलीज तारीख जल्द बताएंगे। इस फैसले की जानकारी ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने शनिवार को अपने एक्स अकाउंट पर दी। उन्होंने लिखा कि यह फैसला सलमान खान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान से सीधी टक्कर से बचने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रोडक्शन हाउस यश राज फिल्म्स अब थिएटर कैलेंडर देखकर नई तारीख तय करेगा। पोस्ट में उन्होंने लिखा कि पहले 2 अप्रैल 2026 की तारीख तय थी, लेकिन अब उस तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। आने वाले कुछ महीनों में नई रिलीज तारीख का ऐलान होगा। यह दूसरी बार है जब अल्फा की रिलीज टली है। इससे पहले यह फिल्म क्रिसमस 2025 पर रिलीज होनी थी। बाद में पोस्ट–प्रोडक्शन के लिए ज्यादा समय देने के चलते इसकी रिलीज डेट 2 अप्रैल 2026 तय की गई। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ शरवरी और बॉबी देओल अहम रोल में हैं। हाल ही में फिल्म वार 2 के पोस्ट क्रेडिट सीन में अल्फा से जुड़ा एक सीन दिखाया गया था। उस सीन में बॉबी देओल की एंट्री दिखाई गई। सीन में वह एक लड़की के हाथ पर एजेंसी का लोगो लगाते हैं। लड़की पूछती है कि इसका क्या मतलब है। वह जवाब देते हैं कि अल्फा ग्रीक अल्फाबेट का पहला अक्षर है। यह उनके प्रोग्राम का मोटो है। इसका मतलब है, सबसे पहला, सबसे तेज और सबसे मजबूत।

## बैटल ऑफ गलवान में नजर आएंगे सलमान

वहीं सलमान खान स्टारर बैटल ऑफ गलवान की बात करें, तो इसे अपूर्व लाखिया डायरेक्ट कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2020 में गलवान घाटी में भारत और चीन की सेनाओं के बीच हुई झड़प पर आधारित है, जो बिना एक भी गोली चलाए लड़ी गई थी।






# नागिन 7 में प्रियंका जैसी सच्ची दोस्त मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं

**बिग बॉस 18 से निकलकर नागिन फ्रैंचाइजी में एंट्री करने वाली टीवी एक्ट्रेस ईशा सिंह ने बातचीत के दौरान अपनी जर्नी, फैमिली सपोर्ट, प्रियंका और नमिक जैसे को-स्टार्स से बॉन्डिंग, मुंबई-भोपाल के फर्क और नेगेटिविटी से दूर रहने की सीख शेयर कीं।**

**नागिन इतनी बड़ी फ्रेंचाइजी है। बिग बॉस 18 में रहते हुए ही इसकी बात पता चल गई थी। उस वक्त तो बता नहीं सकती थीं। पहली बार जब पता चला, तो क्या फीलिंग हुई?**

कलर्स मेरे लिए घर जैसा है। इतना बड़ा फ्रेंचाइजी, ऊपर से एकता मैम का शो और बालाजी टेलीफिल्म्स,सब कुछ परफेक्ट। ऑफर आया तो सोचा क्यों न ट्राई करें, कैरेक्टर बिल्कुल अलग था। नागिन शूटिंग ने नए मौके खोले।

**फैंस सोच रहे हैं कि आप खतरों के खिलाड़ी करेंगी?**

पिछले साल खतरों के खिलाड़ी में बहुत बुरा अनुभव हुआ था। अभी कोई प्लान नहीं है, लेकिन कभी–कभी नेवर कहकर भी कर लिया जाता है। बिग बॉस से पहले भी मैंने मना किया था, लेकिन कर लिया। हो सकता है अगले साल सांप–बिच्छू वाले स्टंट्स कर रही हूं।

**बहुत शानदार शुरुआत हुई है। प्रियंका भी बिग बॉस में रह चुकी हैं, नामिक पॉल भी हैं, ये कमाल के कलाकार हैं। इनके साथ आपकी बॉन्डिंग कैसी रही? शूटिंग का आपका अनुभव कैसा रहा?**

बहुत अच्छा रहा। सिर्फ ये दो नहीं, बाकी सारे कलाकार भी बहुत अच्छे लोग थे। प्रियंका तो मेरी बहन जैसी लगने लगी है, शो में भी सिस्टर–सिस्टर का बॉन्ड है और ऑफ–स्क्रीन भी। वो फैमिली जैसी हैं, बहुत खूबसूरत इंसान हैं, प्यारी लड़की। हम दोनों बहुत अटैच्ड हैं। इस शो से मुझे कई अच्छे दोस्त मिले, और नागिन 7 में प्रियंका जैसी सच्ची दोस्त मिलने के लिए हमेशा शुक्रगुजार रहूंगी।

**आप कमाल लग रही हैं। प्रियंका का लुक भी शानदार है, क्योंकि उन्हें डबल रोल निभाना है। पेरेंट्स, भाई और रुद्राक्ष का रिएक्शन कैसा रहा?**

अभी उनका रिएक्शन देखना बाकी है। मैंने सिर्फ फर्स्ट एपिसोड की कुछ क्लिप्स देखी हैं, लेकिन वो लोग देख चुके हैं। इंतजार कर रही हूं कि उन्हें कैसा लगा। रुद्राक्ष तो हमेशा मेरा मजाक उड़ाता है, बिग बॉस में भी उड़ाया था। लेकिन वो बहुत सपोर्टिव है और ऑनेस्ट फीडबैक देता है। कैसी लग रही हो, वैसी लग रही हो। उसका रिएक्शन बहुत मायने रखता है।

**बिग बॉस से भी बहुत कुछ सीखा होगा आपने?**

हां, बहुत कुछ सीखा। उस शो ने 3 महीनों में जितना सिखाया, वैसा शायद कहीं और न मिले। वहां सिचुएशन, लोगों और स्ट्रेस को मैनेज करना सीख जाते हो। बाहर आते वक्त इतना कॉन्फिडेंट हो जाते हो कि एक शील्ड लग जाती है। अब फर्क नहीं पड़ता। पहले जो चीजें अफेक्ट करती थीं, रुलाती थीं, अब वो कुछ नहीं करतीं।

**वीकेंड पर आपके दो शोज बैक–टू–बैक आ रहे हैं। लाफ्टर शेफ्स तो कमाल चल रहा है, और नागिन की जोड़ी भी। ये एक्सपीरियंस कैसा रहा? कभी सोचा था कि प्राइम टाइम पर ऐसा होगा?**

भगवान ने सपनों से कहीं ज्यादा दिया है। इसके लिए हमेशा आभारी हूं। लाफ्टर शेफ्स को इतना प्यार मिला, नागिन को भी मिलेगा। शनिवार–रविवार 8 से 9 बजे नागिन में मिलूंगी, 9 से 10 बजे लास्ट शेफ्स में।

**आपकी लॉयल्टी कमाल की है, पुराने को–स्टार्स के साथ बार–बार काम करते रहते हो?**

अविनाश के साथ मेरी जोड़ी इतनी जबरदस्त है कि जब तक बाल नोचते नहीं, दुनिया हमें अलग नहीं कर सकती। शायद लास्ट शेफ्स के आखिरी शॉट्स में ही बाल नोचने वाले होंगे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in